नई दिल्ली
शनिवार, 20 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 247
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 22
न्यून. 09


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## बांग्लादेश में कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा की लपटें...

# राजशाही और चटगांव में भारत के सहायक उच्चायोग दफ्तरों पर उपद्रवियों का पथराव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में कट्टरपंथी युवा छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से भड़की हिंसा हर गुजरते पल के साथ और अधिक हिंसक रूप धारण करती जा रही है। जिसकी चपेट में भारत के पड़ोसी देश में सबसे पहले हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी आई और उसी के साथ उपद्रवियों ने बांग्लादेश के राजशाही और चटगांव में स्थित भारत के सहायक उच्चायोग कार्यालयों को भी तहस-नहस करने की कोशिश की है। शुरुआत उच्चायोग परिसरों के बाहर प्रदर्शनकारियों की भारत विरोधी नारेबाजी और भीषण पथराव के साथ की गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की जिससे हालात संभलने की बजाय बिगड़े और तनाव बढ़ गया। इन सबके बीच मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि बांग्लादेश के चिंताजनक हालातों के बीच वहां पर भारत के सभी राजनयिक और उच्चायोग से संबंधित अन्य अधिकारी, कर्मी सुरक्षित हैं।

केंद्र सरकार ने भी विदेश मंत्रालय की संसदीय समिति के समक्ष दिए अपने एक ताजा बयान में पड़ोसी देश के मौजूदा हालात पर बेहद गंभीरता के साथ कड़ी नजर बनाए रखने का दावा किया है। वहीं, बांग्लादेश की मोहम्मद युनूस की अगुवाई वाली मौजूदा अंतरिम सरकार ने भी सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। जो फिलहाल पूरी तरह से नाकाम साबित होती हुई नजर आ रही है। पुलिस ने दर्जनभर लोगों को आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत हिरासत में लिया है। उधर, इस बात की भी पूरी आशंका जताई जा रही है कि हादी का शव सिंगापुर से बांग्लादेश पहुंचने पर हिंसा और अधिक बढ़ सकती है। बताते चलें कि उस्मान हादी को बीते सप्ताह सिर में गोली मारी गई थी। ⏩ शेष पेज 5 पर

### सुरक्षित हैं भारत के सभी राजनयिक और अधिकारी

### ढाका की अंतरिम सरकार ने सभी पक्षों से की शांति बनाए रखने की अपील



बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की उग्र भीड़ द्वारा की गई हत्या

### भारत ने बंद किया वीजा आवेदन केंद्र

ज्ञात हो कि ढाका में जारी तनाव के बीच भारत ने बीते बुधवार को वहां अपने वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को अस्थायी तौर पर बंद दिया था। इसके अलावा भारत ने नई दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में चरमपंथियों द्वारा भारतीय मिशन के आसपास खतरा उत्पन्न करने की साजिश के ऐलान को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है।

### ईशनिंदा के आरोप में हुई हिंदू युवक की हत्या

*मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में की गई एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या का संबंध ईशनिंदा से है। हिंसक भीड़ ने दीपू चंद्र दास को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में निशाना बनाया। जिसमें सबसे पहले उन्हें पकड़कर पीट-पीटकर मार डाला गया और उसके बाद एक पेड़ से बांधकर शव को सार्वजनिक रूप से आग लगा दी गई। उक्त बयान मैमनसिंह जिले के भालुका इलाके की पुलिस ने अपने एक बयान में दिया है। जिसमें यह कहा गया है युवक को बेरहमी से पीटने की वजह से उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद उकसाई भीड़ ने उसके शव को एक पेड़ से बांधकर उस पर आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। दीपू इलाके की एक स्थानीय गारमेंट फैक्ट्री में काम करता था और इलाके में ही किराए पर रहता था। पुलिस फिलहाल मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है।*

### मीडिया, मुजीबुर रहमान के घर को बनाया निशाना

*हादी की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी पूरे बांग्लादेश में बेकाबू हो गए। उन्होंने बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू किए। वहीं, कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में ये दावा भी किया गया है कि हादी को गोली मारने वाले हमलावर भारत भाग गए हैं। बांग्लादेश के डेली स्टार, प्रोथोम आलो जैसे बड़े समाचारपत्रों के कार्यालयों और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के घर को भी प्रदर्शनकारियों ने नहीं बख्शा है।*

*विदेश मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की एक ताजा-तरीन रिपोर्ट में किया गया है यह खुलासा*

# बांग्लादेश के तनावपूर्ण हालातों के बीच बढ़ता चीन का प्रभाव भारत के लिए चिंता का सबब



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बीच विदेश मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति ने लोकसभा में पेश की गई अपनी एक रिपोर्ट में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि भारत के निकट पड़ोसी बांग्लादेश के मौजूदा हालात बहुत ही चिंताजनक बने हुए हैं।

वहां तेजी से बदलती राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति के नजरिए से देखें तो भारत वर्ष 1971 के मुक्ति संग्राम को लेकर छिड़े युद्ध के बाद से अब तक की सबसे मुश्किल चुनौती का सामना कर रहा है। इसके साथ ही समिति ने बांग्लादेश में बढ़ते चीन के प्रभाव को भी भारत के लिए चिंताजनक बताया है। मंत्रालय ने संसदीय समिति को अपना पक्ष बताते हुए ये स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों से चिंतित है। भारत, बांग्लादेश के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार है। यहां बता दें कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### इसलिए चिंताजनक है चीन का प्रभाव


समिति ने बांग्लादेश में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर कहा है कि यह मामला भारत के लिए काफी चिंताजनक है। क्योंकि चीन ने बांग्लादेश में जिस तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाया है। वो भारत के रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिहाज से ठीक नहीं है। समिति ने बांग्लादेश में एयरबेस लेकर पनडुब्बियों के बेस निर्माण और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लुभाने की चीन की कोशिशों का भी अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है। इसके अलावा समिति ने भारत की सरकार को वहां जारी तमाम विदेशी शक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने की हिदायत दी है। साथ ही वह संतुलित भूमिका के पक्ष में है। समिति ने चीन द्वारा कोलकाता के करीब मोंगला बंदरगाह के विस्तार से लेकर लालमोनिरहट एयरबेस के विकास में ड्रैगन के योगदान पर चिंता जताई है।

### निष्पक्ष चुनावों को लेकर अनिश्चितता बरकरार

समिति ने रिपोर्ट में बताया कि वर्तमान में बने हुए बांग्लादेश के जटिल और उभरते हुए हालातों के बीच लोकतांत्रिक ढंग से चुनावों को लेकर भी अनिश्चितता जताई है। समिति मानती है कि पिछले साल 2024 के अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के पतन के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता ने अनिश्चितता के हालातों में बेतहाशा बढ़ोतरी के साथ ही भारत के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा खतरा भी पैदा कर दिया है। हसीना की अगुवाई वाली अवामी लीग पार्टी पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा चुनाव लड़ने पर लगाए गए प्रतिबंध लगाने के बाद वह इन चुनावों में शामिल ⏩ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### अब तक एक करोड़ से अधिक पंजीकरण



**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए पंजीकरण एक करोड़ के पार पहुंच गया है। अब तक 1.09 करोड़ से अधिक छात्र, शिक्षक और अभिभावक आवेदन कर चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 तक जारी है। इनमें 1,01,62,482 छात्र, करीब 7 लाख शिक्षक और 1,02,488 अभिभावक शामिल हैं।

### इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त



**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी।

### अमेरिका में विमान हादसा कई लोगों की गई जान



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर हुई, जहां विमान आग की लपटों में घिर गया। हादसे में कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। यह विमान कॉर्पोरेट जेट था। हादसा सुबह 10:15 बजे हुआ।

### इल्तिजा ने नीतीश को दी भुगतने की चेतावनी



**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए श्रीनगर के कोठीबाग पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। यह एफआईआर बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने की घटना को लेकर है।

## राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन आये और ऐसे छा गये

# विपक्ष को पूरा समय दिया, टीका टिप्पणी से परहेज किया, सांसदों को खूब बोलने दिया और बात बन गई

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली



हरिभूमि तत्काल

बगैर किसी किंतु परंतु के कहा जा सकता है कि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन विपक्षी दलों का दिल जीतने में भरसक कामयाब रहे। अपनी नियुक्ति के चंद दिनों बाद ही आहूत किये गये संसद के शीत सत्र को उन्होंने बखूबी चलाया। आसंदी से बिना बोले वे इशारों में बहुत कुछ बोलते रहे।

सदन गरिमापूर्ण तरीके से चलता रहा। विपक्षी सांसदों को उन्होंने खूब मौका दिया। जब मौका मांगा गया तब दिया। न नियम कायदे का पाठ पढाकर उन्हें खामोश करने की कोशिश दिखी, न ही आसंदी से लंबी लंबी टीका टिप्पणी आई। पक्ष विपक्ष के बीच तीखे तेवरों पर भी आसंदी से मंद मंद मुस्काते हुए सिर्फ यही कहते – यू बैठिये, यू बैठिये। उनके इतना कहने का भी विपक्ष ने खूब सम्मान किया। हर बात पर वेल में आ जाने की परंपरा को सभापति ने तोडा। इसे तोडने के लिए कोई जोर जबरदस्ती नहीं की। बस, विभिन्न दलों के सांसदों को 'स्पेस' दिया। बोलने का स्पेस। अपनी बात कहने का स्पेस। ट्रेजरी बेंच पर भी सभापति के सदन संचालन का असर पड़ा।

**तृणमूल सांसद ब्रायन ने की प्रशंसा:** पहली बार हुआ जब सदन के नेता जेपी नड्डा बोल रहे हों और बीच में विपक्ष के नेताओं ने कुछ टीका टिप्पणी करनी चाही तो सदन के नेता ने उन्हें बोलने का अवसर दिया। पहली बार हुआ जब तृणमूल संसदीय दल के तेजतर्रार नेता डेरेक-ओ-ब्रायन ने सभापति के सदन चलाने के तरीके की प्रशंसा करते हुए कि शून्यकाल में प्रश्नों की संख्या बढ़ायी जा सकती है। ऐसे वाकये सदन में बदले माहौल को बताने को काफी है। जितने विधायी कार्य थे सब बारी बारी से आपसी सहमति से निपटाने में सभापति को कामयाब मिली।

**विपक्षी सांसद बोलने की आजादी से खुश नजर आए:** नये सभापति के पहले सत्र के बाद संसदीय परिसर में विपक्षी दलों के तकरीबन सभी सांसद उनकी तारीफ करते नजर आये। लंबे समय के ⏩ शेष पेज 5 पर

# हल्के-फुल्के अंदाज, हंसी मजाक और रिटायरमेंट की बातें: बिरला की टी-पार्टी में रहे विरले क्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र तीखी बहसों, हंगामे, वॉकआउट और विरोध-प्रदर्शनों से भरा रहा। हालांकि सत्र की समाप्ति पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आयोजित परंपरागत चाय पार्टी ने सियासी तल्खी के बीच सौहार्द का माहौल बना दिया। खास बात यह रही कि पिछली बार के विपरीत इस बार विपक्षी सांसदों ने भी चाय पार्टी में शिरकत की। लगभग तीन सप्ताह तक चले तीखे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बाद यह बैठक राहत और अनौपचारिक बातचीत का अवसर बनी। करीब 20 मिनट चली इस चाय पार्टी में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच कई हल्के-फुल्के और आत्मीय क्षण देखने को मिले।

### प्रियंका चाय पार्टी में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने पहुँचीं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, जो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अनुपस्थिति में विपक्ष की अगुवाई कर रही थीं, चाय पार्टी में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने पहुँचीं। लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय द्वारा साझा तस्वीर के अनुसार, प्रियंका



गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठी नजर आईं। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी ने बैठक के दौरान बताया कि वे अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड की एक जड़ी-बूटी का सेवन एलर्जी से बचाव के लिए करती हैं, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुस्कराते दिखे। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री से उनकी हालिया इथियोपिया, जॉर्डन और ओमान यात्रा के बारे में भी पूछा, जिस पर प्रधानमंत्री ने यात्रा को अच्छा बताया।

इस बैठक में समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले और सीपीआई के डी. राजा भी उपस्थित रहे। बातचीत के दौरान धर्मेंद्र यादव ने सत्र को थोड़ा और लंबा चलाने का सुझाव दिया, जिस ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों की तारीफ की

प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ विपक्षी सांसदों की तारीफ भी की और कहा कि एन. के. प्रेमचंद्रन जैसे सांसद सदन में अच्छी तैयारी के साथ आते हैं। इस दौरान कुछ विपक्षी नेताओं ने नए संसद भवन में पुराने संसद भवन की तरह सांसदों के लिए एक केंद्रीय कक्ष (सेंट्रल हॉल) बनाए जाने का सुझाव रखा, जहां वर्तमान और पूर्व सांसद अनौपचारिक चर्चा कर सकें। इस पर प्रधानमंत्री ने मुस्कराते हुए कहा, "वह तो रिटायरमेंट के बाद के लिए है, आपको अभी देश की काफी सेवा करनी है," जिस पर बैठक में ठहाके गूंज उठे।

### खड़गे ने चाय पार्टी में शामिल होने का लिया निर्णय

चाय पार्टी में प्रियंका गांधी की मौजूदगी खास इसलिए भी रही क्योंकि इससे पहले मानसून सत्र के बाद आयोजित चाय पार्टी में राहुल गांधी सहित ⏩ शेष पेज 5 पर




## 35 लाख के चोरी के हीरे बरामद

# कार का शीशा तोड़कर एक करोड़ के हीरे चोरी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने करोल बाग इलाके में कार का शीशा तोड़कर लगभग एक करोड़ के हीरों की चोरी के सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली (त्रिची) ठक ठक गैंग के सदस्य टी. सरत कुमार उर्फ सरथ कुमार (31) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 35 लाख के चोरी के हीरे बरामद हुये। आरोपी कमला मार्केट, कनॉट प्लेस और लाहौरी गेट पुलिस स्टेशनों में दर्ज चोरी के चार मामलों में घोषित अपराधी था।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल की एक टीम ने इंस्पेक्टर अमित सोलंकी के नेतृत्व में इस कुख्यात चोर टी. सरथ कुमार को गिरफ्तार किया। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर करोल बाग पुलिस स्टेशन इलाके में खड़ी एक कार से खिड़की का शीशा तोड़कर लगभग 1 करोड़ रुपये के गहने चुराए थे। दरअसल 14 नवंबर को शुभम कोटावाला जो पुराने हीरे के गहनें बनाने का व्यवसाय करते हैं ने टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन के बाद आईजीआई (इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट) लैब, करोल बाग से 62 गहनों के टुकड़े और उनके ग्रेडिंग सर्टिफिकेट लिए थे। गहनें लेने के बाद उन्होंने दुर्गा पार्क के पास सड़क के किनारे खड़ी अपनी कार में एक बैग में रखा और कुछ जरूरी काम के लिए पास की एक दुकान पर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो देखा कि उनकी कार की दाहिनी तरफ की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और गहनों वाला बैग गायब था। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी और उनकी शिकायत पर करोल बाग थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोपी को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन क्षेत्र से अरेस्ट किया गया है।

## हमला कर लूटपाट करने वाले तीन नाबालिगों समेत चार दबोचे

नई दिल्ली। पंजाबी बाग पुलिस ने हमला कर युवक से लूटपाट करने वाले तीन नाबालिग समेत चार आरोपी लोगों को पकड़ा हैं। एक आरोपी का नाम कृष्ण बताया गया हैं। आरोपियों के पास से 7,250 रुपये बरामद हुये हैं। डीसीपी डीएस भास्कर के अनुसार 15 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे नाथू सिंह वाटिका, वीर सावरकर पार्क, पंजाबी बाग के पास एक युवक पर हमला कर लूटपाट की सूचना पुलिस को मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता ने बताया कि 3-4 लड़कों ने उसे रोका और हमला कर उससे 16 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। मुखबिर से मिली सूचना के बाद वीर सावरकर पार्क में चेकिंग के दौरान तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया। इनके पास से 5150 रुपये बरामद किए गये। बाद में इनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक और आरोपी कृष्ण को पकड़ा, जिसके पास से 2,100 रुपये बरामद हुये।

## सड़क पर घायल मिले 40 वर्षीय शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में शुक्रवार को एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला जिसके शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर थाने को पीसीआर ने जानकारी दी कि इंदर एनक्लेव में आरजे अस्पताल से सटे संदीप बिल्डर्स के पास एक घायल व्यक्ति पड़ा है। पुलिस उसे अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई व जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के बांका जिले के जगतपुर गांव निवासी मुकेश (40) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने और हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रोहिणी से मोबाइल अपराध इकाई और फोरेंसिक टीमें साक्ष्य एकत्र करने के लिए अपराध स्थल पर पहुंची। गौरतलब है कि प्रेम नगर में हाल ही में हुई अन्य घटनाओं में 4 दिसंबर को एक नाबालिग को विनोद नामक शख्स की चाकू मारकर हत्या करने और लूटपाट के प्रयास में व एक अन्य को घायल करने के आरोप में पकड़ा गया था।

# घरों में सेंधमारी करने वाले गैंग के दो बदमाश अरेस्ट

**नई दिल्ली।** मोती नगर पुलिस ने घरों में सेंधमारी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम शहजाद (23) और शेख जिशान (23) बताये गये। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो सोने की अंगूठियां और चांदी का सामान बरामद किया। बरामद जूलरी की कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। इनकी गिरफ्तारी के बाद सात मामले सुलझाने का दावा किया गया हैं। पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को मोती नगर पुलिस को घर का ताला तोड़कर कैश, सोने और चांदी के गहनें चोरी करने के संबंध में सूचना मिली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। आखिर में दोनों आरोपियों को सी-ब्लॉक पार्क, सरकारी स्कूल के पास जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रसं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82251030C | इंजेक्शन टीडीएम .1 अडो ट्रासटुजुमब एमटांसिने 100 मि ग्रा | 242 नग | 12.01.2026 |

**निविदा शर्ते**. 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी ।
टेंडर नोटिस स. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 19.12.2025 3931/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील कुमार पटेल, पुत्रः** जीतपाल, **पताः** गाँव डी–5/28, विनोद नगर पूर्व, दिल्ली; दूसरा पताः गाँव–सहजनपुर, थाना – मान्धाता, जिला – प्रतापगढ़, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 890/2015 U/s 394/34 IPC, थानाः गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील कुमार पटेल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील कुमार पटेल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 890/2015 U/s 394/34 IPC, थानाः गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुशील कुमार पटेल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16661/ED/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त, **नाम 1: शब्बीर, पुत्रः** बशीर, **पताः** मकान न. एल–212, गौतम विहार, खादे वाली मस्जिद, तीसरी पुस्ता, उस्मानपुर, दिल्ली, **नाम 2: विनय, पुत्रः** राजेन्द्र सिंह, **पताः** मकान न. ए–518/2, साउथ गामरी, नजदीक वीर नरसिंह होम, उस्मानपुर, दिल्ली, ने **E-FIR No. 192/2020, U/s: 356/379/411/34 IPC, थानाः कशमीरी गेट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उनहोंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **शब्बीर** और **विनय,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **शब्बीर** और **विनय,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 192/2020, U/s: 356/379/411/34 IPC, थानाः कशमीरी गेट, दिल्ली,** के उक्त दानों अभियुक्त, **शब्बीर** और **विनय,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग, एलडी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
(केन्द्रीय), कमरा न. 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15953/N/2025
(Court Matter)

## डीयू परीक्षाओं के दौरान हुई अनियमितताओं के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में हाल ही में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में हुई गंभीर अनियमितताओं के विरोध में एक विशाल प्रदर्शन किया। इस दौरान एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए इन अनियमितताओं को तत्काल दूर करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक है, लेकिन परीक्षाओं में बार-बार हो रही लापरवाही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। समय पर प्रश्न पत्र न मिलना, गलत प्रश्न और अस्पष्ट मूल्यांकन व्यवस्था विश्वविद्यालय प्रशासन की गंभीर विफलता को दर्शाती है। एबीवीपी छात्रों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी और जब तक इन अनियमितताओं का स्थायी समाधान नहीं होता। एबीवीपी ने कहा कि हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान अनेक प्रकार की समस्याएँ सामने आईं। कई परीक्षा केंद्रों पर समय से प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए, मार्किंग स्कीम को लेकर भ्रम की स्थिति रही, भाषा संबंधी त्रुटियाँ पाई गईं तथा कई प्रश्नपत्रों में गलत प्रश्न भी पूछे गए। इन गंभीर खामियों के कारण छात्रों को भारी मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ा।

# साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, पांच लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन निवेश गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह फर्जी ग्रुप और 'ट्रेडिंग' ऐप के माध्यम से लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करते थे। अब तक लगभग 24 करोड़ रुपये के धन के लेनदेन का पता लगाया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार पहले मामले में शिकायतकर्ता को एक ग्रुप में शामिल करके और 'सीवेंटुरा' नामक एक फर्जी निवेश ऐप इंस्टॉल करने के लिए राजी कर उससे 31.45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित को उच्च लाभ का वादा करके छह अलग-अलग बैंक खातों में पैसे स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया गया था। हालांकि लाभ के पैसे मांगने के बाद ग्रुप गायब हो गया और ऐप भी निष्क्रिय हो गया। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता जुलाई में 'वीआईपी 10 स्टॉक शेयरिंग ग्रुप' नामक एक समूह में शामिल हुआ और उसे 'वर्जर' नामक एक अन्य फर्जी ऐप के माध्यम से निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने ग्रुप एवं ऐप के अचानक बंद होने से पहले नौ अलग-अलग बैंक खातों में कई बार में 47.15 लाख रुपये स्थानांतरित किए। जांच के दौरान पुलिस ने हरियाणा के हिसार और पंचकुला में छापेमारी कर मोहित को गिरफ्तार किया। उसने कथित तौर पर अपनी पत्नी के नाम पर एक बैंक खाता खोला और खाते की जानकारी अपने सहयोगी को सौंपी थी। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुये राजीव, मोनू कुमार, मोहित, बलवान और राजबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बरवाला गांव ने सामूहिक सौर संकल्प के साथ पेश की स्वच्छ ऊर्जा की मिसाल, बना अग्रणी गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल ने कहा है कि सौर ऊर्जा के मामले में दिल्ली देहात के बरवाला गांव ने सामूहिक सौर संकल्प के साथ सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की शपथ लेकर एक मिसाल पेश की है। कंपनी ने सौर ऊर्जा को आंदोलन बनाने की दिशा में अपने विलेज कस्टमर ग्रुप के सहयोग से बरवाला गांव के बिरला मंदिर प्रांगण में मेगा सोलर अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया। कार्यक्रम में 200 से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी ने बरवाला को रूफटॉप सोलर अपनाने वाला अग्रणी गांव की पंक्ति में ला खड़ा किया है। कंपनी के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सोलर संकल्प समारोह रहा, जिसमें बरवाला विकास मंडल के 50 सदस्यों, खिलाड़ियों, सामुदायिक प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने गांव में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की शपथ ली। सभी प्रतिभागियों को विलेज सोलर ब्रांड एम्बेसडर उपभोक्ता के रूप में नामित किया गया है। आयोजन स्थानीय पार्षद अंजू अमन डबास तथा दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्रराज की पत्नी फ़िज़ा रविंद्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सौर जागरूकता रैली, रूफटॉप सोलर कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक, अग्रणी सौर उपभोक्ताओं और युवा खिलाड़ियों का सम्मान तथा ऑन-द-स्पॉट सोलर पंजीकरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर टाटा पावर डीडीएल के सीईओ द्विजदास बसाक ने कहा कि समुदाय आधारित पहल भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा को मजबूती देती हैं। वहीं चीफ कमर्शियल किरण गुप्ता ने कहा कि बरवाला जैसे मॉडल सौर ऊर्जा को जन–आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस पहल के माध्यम से टाटा पावर डीडीएल ने समुदायों को सशक्त कर स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# दिल्ली जल बोर्ड ने किया अपना काम, निगम कब करेगी अब नालियां साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
New Delhi Main Editon - 07 Dec 2025 - Page 2

दिल्ली सरकार और एमसीडी के बीच समन्वय नहीं, हो सकता है हादसा

आप मंत्री ने किया था सीवर लाइन का उद्घाटन

सीवर लाइन पर लगाए गए ढक्कन टूटे

दिल्ली जल बोर्ड और निगम कर्मियों में आरोप-प्रत्यारोप

सीवर लाइन के टूटे ढक्कन से हादसे की आशंका

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के सिंघु गांव में लंबे समय से खुले पड़े सीवर लाइन के ढक्कनों की समस्या को आखिरकार दिल्ली जल बोर्ड ने बुधवार को दूर कर दिया। सीवर लाइनों पर नए ढक्कन लगाए जाने से जहां दुर्घटनाओं का खतरा कम हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि खुले सीवर ढक्कनों के कारण राहगीर, स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे थे। हालांकि सीवर ढक्कन लगाए जाने के बाद भी समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। अब स्थानीय निवासियों की नजरें दिल्ली नगर निगम के स्वच्छता विभाग पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की नालियों में वर्षों से जमा गाद और कचरे के कारण पानी का बहाव बाधित है, जिससे गंदा पानी गलियों के साथ ही मुख्य सड़कों पर फैल रहा है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। बता दें कि करीब दस दिन पहले -दिल्ली सरकार और एमसीडी के बीच समन्वय नहीं, हो सकता है हादसा - शीर्षक से हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई थी।



■ निवासियों ने निगम प्रशासन से की गहराई से गाद साफ करने की मांग

### बरसात में स्थिति हो जाती है और भी भयावह

स्थानीय लोगों के अनुसार बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। नालियों की नियमित और गहराई से सफाई न होने के कारण जलभराव, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नालियों की डी-सिल्टिंग और गहरी सफाई कर दी जाए, तो बड़ी समस्या से बचा जा सकता है।

### बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र को बनाया जा सकता है स्वच्छ

स्थानीय लोगों ने निगम से मांग की है कि वह बिना देरी किए स्वच्छता विभाग की टीमों को मौके पर भेजकर नालियों की गहराई से सफाई कराए और नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करे। लोगों का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड और नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
सीआईएनः L31300DL1964PLC004255
पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.deltoncables.com ई–मेलः dcl@deltoncables.com
फोनः 0129–4523000

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को दोबारा जमा करने के लिए स्पेशल विंडो**

कंपनी द्वारा 1 अगस्त, 2025 और 4 अक्टूबर, 2025 को सेबी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/एनआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025 के अनुसार जारी किए गए पिछले समाचारपत्रों के विज्ञापनों को देखें। कंपनी के शेयरधारकों को एक बार पुनः सूचित किया जाता है कि हस्तांतरण विलेख को दोबारा जमा करने के लिए छह महीने की अवधि के लिए एक विशेष विंडो उपलब्ध कराई गई है, जो 7 जुलाई, 2025 से शुरू होकर 6 जनवरी, 2026 को समाप्त हो जाएगी। ये वे विलेख हैं जो मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए थें, लेकिन डॉक्यूमेंटेशन या प्रक्रियात्मक खामियों के कारण वापस लौटा दी गईं, खारिज कर दी गईं, या उन पर ध्यान नहीं दिया गया था। कृपया ध्यान दें कि इस अवधि के दौरान दोबारा जमा किए गए सभी शेयरों को सेबी नियमों के अनुपालन में, विशेष रूप से डीमैटरियलाइज्ड रूप में प्रोसेस किया जाएगा।

**केवाईसी अपडेट और भौतिक शेयर सर्टिफिकेट का डीमैटरियलाइजेशन**

भौतिक रूप में शेयरधारकों से यह भी अनुरोध किया जात है कि वे www.deltoncables.com पर उपलब्ध अपने केवाईसी विवरण अपडेट करें और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने और शेयरों/लाभांश को निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) में स्थानांतरित होने से बचने के लिए अपने शेयरों को डीमैटरियलाइज करें। सहायता के लिए, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 से ईमेल द्वारा beetalrta@gmail.com पर या कंपनी से secretarial@deltoncables.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/–
जितेंद्र कुमार
कंपनी सचिव
एसीएस नंबरः 30349

दिनांकः 19 दिसंबर, 2025
स्थानः फरीदाबाद

# दिल्ली और लद्दाख पुलिस के वायरलेस ऑपरेटरों की हुई पासिंग आउट परेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस अकादमी में शुक्रवार को लद्दाख और दिल्ली पुलिस के ट्रेनी टेलीकॉम/असिस्टेंट वायरलेस ऑपरेटर्स की पासिंग आउट व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि व अकादमी के उप निदेशक-1 मोहम्मद अली ने ट्रेनिंग पूरी करने वाले पुलिस कर्मियों और फैकल्टी सदस्यों को बधाई दी और उनके आगे के सफल सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अकादमी के झरोदा कलां कैंपस में दिल्ली पुलिस के बैच नंबर 7 के 16 (8 महिलाओं सहित) हेड कांस्टेबल (असिस्टेंट वायरलेस ऑपरेटर) और लद्दाख पुलिस के बैच नंबर 1 के 27 (3 महिलाओं सहित) कांस्टेबल (टेलीकॉम ऑपरेटर) का पासिंग आउट समारोह आयोजित किया गया। 16 ट्रेनी में 4 उत्तर प्रदेश, 3 हरियाणा, 7 राजस्थान और 2 दिल्ली से हैं। राजेश दहिया सहायक निदेशक, डीपीए ने नए शामिल हुए ऑपरेटर्स को शपथ दिलाई। दिल्ली पुलिस अकादमी विभिन्न पुलिस बलों, जिसमें लद्दाख पुलिस भी शामिल है के कर्मियों को टेलीकॉम ऑपरेशंस जैसे विशेष क्षेत्रों में ट्रेनिंग दे रही है। ट्रेनिंग को दो भागों में आयोजित किया गया था, यानी दिल्ली पुलिस अकादमी में 15 सप्ताह की इनडोर और आउटडोर ट्रेनिंग और बाद में कम्युनिकेशन यूनिट के विभिन्न प्रतिष्ठानों में साढ़े पांच माह की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई। कम्युनिकेशन के अपने विशेष क्षेत्र में तकनीकी ट्रेनिंग देने के अलावा पीटी, योग, परेड और हथियार चलाने की भी ट्रेनिंग दी गई है। महिला हेड कांस्टेबल शिवानी (दिल्ली पुलिस) और महिला कांस्टेबल त्सेरिंग आंगमो (लद्दाख पुलिस) को उनकी संबंधित श्रेणियों में ऑल राउंड बेस्ट की ट्रॉफी प्रदान की गई।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फेरी से भुना (रोड आईडी 5427) तक रोड का सुधार (पीआर कार्य के पीएमजीएसवाई स्कीम के तहत) + 1 अन्य कार्य। | 18.12.2025 29.12.2025 | 393.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर–9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 18.12.2025 23.12.2025 | 618.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन खण्ड सहित ओपीडी का निर्माण (सोलर पावर प्लांट का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 18.12.2025 26.12.2025 | 67.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | पश्चिम जुआ ड्रेन आरडी 23600 के बाए किनारे के नीचे क्रॉसिंग सरदारा माइनर आरडी 14400 हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 22.12.2025 | 4.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहादुरगढ़ माइनर के आरडी 42000 से 44510, आरडी 22687 क्षतिग्रस्त वर्टिकल वॉल की मरम्मत और वर्टिकल ऊपर उठाना तथा आसोदा माइनर के आरडी 6150/आर साइड पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 25.12.2025 | 7.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी में सिंचाई भवन, चरखी दादरी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.01.2026 | 462.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 7 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | एलएसडी के लिए बकरी चेचक वेक्सीन की अधिप्राप्ति। | 13.12.2025 29.12.2025 | 94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 8 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | चार भाग ब्लड एनालाइजर (पशुचिकित्सा उपयोग हेतु)। | 15.12.2025 29.12.2025 | 354 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 9 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | टर्नकी आधार पर लैब सर्जिकल मदें (पशुचिकित्सा उपयोग हेतु)। | 15.12.2025 29.12.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 10 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | खरगोशों की अधिप्राप्ति। | 17.12.2025 30.12.2025 | 35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 11 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | बीएसएल–II और HVVI लैब विभाग का अपग्रेडेशन। | 17.12.2025 30.12.2025 | 400 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 12 | अर्ध–शुष्क बागवानी हेतु बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र, गिगनाऊ, भिवानी | अर्ध–शुष्क बागवानी हेतु बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र, गिगनाऊ, भिवानी में टीशु कल्चर ब्लूबेरी प्लांट्स की आपूर्ति के सम्बन्ध में। | 22.12.2025 21.01.2026 | 30000 | https://hortharyana.gov.in | 9812943870 coesahgignow@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/240/41341/I/88/7 दि. 19.12.25




## ड्रोन तकनीक, डिजिटल रिकॉर्ड और संपत्ति कार्ड से मिलेगा स्वामित्व का ठोस प्रमाण

# दिल्ली में आबादी देह सर्वे शुरू करेगी सरकार बदलेगा गांव की भूमि प्रबंधन का स्वरूप: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से लंबित चली आ रही आबादी देह भूमि की पहचान, स्वामित्व और दस्तावेजी अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक दूरगामी पहल करते हुए अब आबादी देह क्षेत्रों का व्यापक सर्वेक्षण करवाएगी।



सरकार इनका रिकॉर्ड तैयार कराने के साथ ही सत्यापन और कंप्यूटरीकरण भी करवाएगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस विस्तृत प्रक्रिया को कानूनी और प्रशासनिक ढांचे के तहत लागू करने जा रही है। यह पहल न केवल भूमि प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाएगी, बल्कि ग्रामीणों को स्वामित्व का वैधानिक प्रमाण और वित्तीय सुरक्षा देने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ग्रामीण आबादी देह क्षेत्रों में संपत्ति स्वामित्व के अधिकारों को सुनिश्चित करने और दशकों पुराने सीमा विवादों को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शुरू की गई स्वामित्व योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली आबादी देह सर्वेक्षण और अभिलेख संचालन नियमावली, 2025' का मसौदा तैयार कर लिया है। इस सरकारी मसौदे में ड्रोन आधारित हवाई सर्वे, मैदानी सत्यापन, सार्वजनिक आपत्ति प्रक्रिया, विवाद निपटान, डिजिटल रिकॉर्ड और संपत्ति कार्ड जारी करने तक की पूरी कार्यप्रणाली को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो और भूमि से जुड़े विवादों का समाधान पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से हो सके।

सर्वे की प्रारंभिक अवस्था में आबादी देह क्षेत्र की सीमाओं को उपयुक्त माध्यम से भौतिक रूप से चिन्हित किया जाएगा। इस दौरान सर्वे टीम द्वारा संयुक्त स्वामित्व वाली भूमि, निजी प्लॉट, सड़कें, गलियां, नाले, सामुदायिक स्थल, धार्मिक स्थल, कब्रिस्तान, श्मशान, सरकारी संपत्तियां तथा वे भूमि क्षेत्र जो पेड़ों या संरचनाओं के कारण हवाई सर्वे में स्पष्ट नहीं दिखते, सभी का पृथक-पृथक चिन्हित किया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक के साथ होगा पारंपरिक सत्यापन

सरकारी प्रावधानों के अनुसार आबादी देह सर्वे की प्रक्रिया राजस्व विभाग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में संचालित की जाएगी। सर्वे टीम और तकनीकी एजेंसी संयुक्त रूप से गांवों की आबादी देह, विस्तारित आबादी देह तथा अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए सर्वे कार्य करेंगी। इस प्रक्रिया में ड्रोन और हवाई फोटोग्राफी के माध्यम से डिजिटल डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे प्रत्येक प्लॉट की सटीक स्थिति, आकार और सीमा को रिकॉर्ड किया जा सके। हालांकि तकनीक आधारित सर्वे के साथ-साथ मैदानी सत्यापन अनिवार्य होगा। ड्रोन सर्वे से तैयार किए गए प्रारंभिक नक्शों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नक्शे में दर्शाई गई सीमाएं वास्तविक स्थिति से मेल खाती हैं।

### भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ किया समझौता

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राजस्व विभाग ने अप्रैल 2022 में दिल्ली के 48 ग्रामीण गांवों में स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अब तक 31 गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है और 25 गांवों के 'मैप 2.0' की जांच कर उन्हें भारतीय सर्वेक्षण विभाग को सौंप दिया गया है, ताकि जमीन के पार्सल मैप और भू-आधार नंबर जारी किए जा सकें।

## ग्रामीण क्षेत्रों के हर कोने तक पहुंचेगी पानी की पाइपलाइन : इंद्राज सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- बवाना की विजय कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या होगी समाप्त, 30 वर्ष पुरानी लाइन बदली जाएगी

दिल्ली सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के हर कोने तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। इसके लिए जहां-जहां पुरानी और जर्जर पानी की लाइनें हैं, उन्हें लगातार बदला जाएगा और अब तक छूटे रह गए इलाकों में नई पानी की पाइप लाइनें बिछाई जाएंगी। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना की विजय कॉलोनी में पानी की नई पाइप लाइनों के बिछाने एवं 30 वर्ष पुरानी जर्जर लाइनों को बदलने के कार्य का शुभारंभ करने के अवसर पर कही।

उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ आगामी 31 जनवरी तक पूरा करें। लंबे समय से विजय कॉलोनी के निवासियों को गंदे पानी की आपूर्ति और बार-बार पाइपलाइन लीकेज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद इन समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और लगभग 5 हजार की आबादी को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नए वर्ष से क्षेत्र के लोगों को साफ, सुरक्षित और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध होने लगेगा। मंत्री इंद्राज ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलापूर्ति योजनाओं को बनाते समय भविष्य की आवश्यकताओं, जनसंख्या वृद्धि और नई बसाहट को ध्यान में रखा जाए, ताकि आने वाले वर्षों में दोबारा पानी की किल्लत न हो।

## डीएनडी से मीठापुर तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 6 महीने में होगा चालू : बिधूड़ी

नई दिल्ली। डीएनडीए से मीठापुर तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का 9 किमी. का हिस्सा अगले से जून तक चालू हो जाएगा। इससे जहां दिल्ली और एनसीआर के लोगों को आवागमन में सुविधा रहेगी, वहीं भीड़भाड़ कम होने के कारण प्रदूषण में भी कमी आएगी। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को समाप्त हुए संसद सत्र के दौरान उन्होंने इस संबंध में प्रश्न पूछा था। इसके जवाब में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जवाब दिया है कि डीएनडी जंक्शन से जैतपुर तक 9 किमी. लंबाई वाला परियोजना पैकेज-एक का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। अब तक इस चरण का 94.23 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह कार्य इसी साल पूरा होना था लेकिन आगरा नहर पर पुल के निर्माण कार्य में देरी के कारण यह प्रोजेक्ट लेट हुआ। अब जून 2026 तक इसके पूरा होने की संभावना है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे का यह हिस्सा पूरा होने से लगभग एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस एक्सप्रेसवे के दिल्ली के हिस्से में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और यह पूरी तरह काम करने लगेगा।

# पिछले 24 घंटों में प्रदूषण फैलाने वाले 11 हजार से अधिक वाहनों के कटे चालान: सिरसा

## *12 हजार 164 मीट्रिक टन से अधिक कचरा उठाया गया, 2 हजार 68 किलोमीटर सड़कों की मशीनों से की गई सफाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ जमीनी स्तर पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीते 24 घंटों में ही विभिन्न विभागों की टीमों ने प्रदूषण फैलाने और नियमों का पालन न करने वाले कुल 11 हजार 776 वाहनों पर चालान जारी किए हैं।

इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए कई स्तरों पर एक साथ काम कर रही है। इसमें वाहनों की



जांच, धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और नियमों का सख्ती से पालन शामिल है। उन्होंने

- 9 हजार 400 किलोमीटर से अधिक सड़कों पर किया गया पानी का छिड़काव

बताया कि इसी समन्वित प्रयास का असर है कि इस साल सर्दियों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा सुधार देखने को मिला है।

सिरसा ने बताया कि शहर की सफाई और धूल नियंत्रण के मोर्चे पर नगर निगम एजेंसियों ने मिलकर 12 हजार 165.88 मीट्रिक टन कचरा हटाया। इसके अलावा 2 हजार 68.81 किलोमीटर सड़कों की मशीनों से सफ़ाई की गई और 1 हजार 830 किलोमीटर सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। धूल को नियंत्रित करने के लिए 5 हजार 528 किलोमीटर क्षेत्र में एंटी-स्मॉग गन का उपयोग किया गया।

निर्माण स्थलों पर लगातार धूल नियंत्रण के लिए 160 एंटी-स्मॉग गन तैनात की गई हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में औसतन 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया गया। जनता से जुड़े मामलों में भी तेज़ी दिखाई गई और 311, ग्रीन दिल्ली ऐप, समीर और सोशल मीडिया के माध्यम से मिली 57 शिकायतों का समाधान किया गया। नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए 542 गैर-निर्धारित मार्गों पर चल रहे ट्रकों को रोका गया और वापस भेजा गया। साथ ही, शहर के 34 प्रमुख ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर यातायात को सुगम किया गया। सिरसा ने नागरिकों, संस्थानों और वाहन चालकों से सरकार के प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं है। सभी विभाग दिन-रात सतर्क हैं, लेकिन दिल्ली को साफ हवा देने के लिए जनता का सहयोग भी उतना ही जरूरी है।

## दिल्ली में प्रदूषण मौसमी नहीं, वर्षों की नीतिगत विफलताओं का परिणाम : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या के लिए पिछली सरकार की 'नीतिगत विफलताओं' को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा, शहरी विकास, गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा पिछले 10 महीनों में किए गए प्रशासनिक सुधारों और भविष्य की योजनाओं का खाका पेश किया। सूद ने प्रैसवार्ता में कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कोई मौसमी समस्या नहीं है, बल्कि वर्षों की प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने पिछली सरकार पर केवल विज्ञापनों और झूठे आंकड़ों के माध्यम से जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। सूद ने बताया कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार, 2017-18 में लगाए गए 30 प्रतिशत एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन जानबूझकर 'ग्रीन एरिया' में स्थापित किए गए थे ताकि प्रदूषण के वास्तविक स्तर को छिपाया जा सके।

## 'भाजपा ने धांधली कर जीता अशोक विहार वार्ड, 'आप' पहुंची कोर्ट'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के अशोक विहार वार्ड 65 का उपचुनाव गड़बड़ी करके जीतने वाली भाजपा के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस बाबत 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अशोक विहार वार्ड से पार्टी के उम्मीदवार द्वारा दायर की गई याचिका को रोहिणी कोर्ट ने स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया है। आगामी 24 दिसंबर को कोर्ट मामले की अगली सुनवाई करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पहले 'आप' उम्मीदवार को जीता हुआ दिखाया गया। लेकिन बाद में भाजपा उम्मीदवार को जिता दिया गया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस याचिका में तीन मुख्य बातें रखी गई हैं। पहली बात परिणाम बदलने को लेकर है। दूसरी बात यह है कि अशोक विहार वार्ड में ही मतदान से एक रात पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उज्वला योजना के नाम पर गरीबों में मुफ्त सिलेंडर बांटे।

## अस्पतालों में सांस व फेंफड़ों संबधी रोगियों की संख्या बढ़ने से चरमराई व्यवस्था: डीपीसीसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने आरोप लगाए है कि दिल्ली में जान लेवा प्रदूषण के कारण इन दिनों अस्पतालों में सांस की विभिन्न बीमारियों और फेंफड़ों संबधी रोगियों की संख्या बढ़ गई है। जिसके कारण दिल्ली सरकार के अस्पतालों की हालत भी खराब हो गई है। क्योंकि सरकार की अव्यवस्था व अनदेखी के कारण मरीजों को अस्पताल में इलाज तक नहीं मिल रहा है, न ही उचित व पूरी दवाईयां ही उपलब्ध हो पा रही है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले से ही बदहाल अस्पतालों में इस भीषण समय में फेंफड़ों और सांस की बीमारी को ठीक करने वाली दवाईयों की भारी कमी के चलते कालाबजारी हो रही है। बाजारों में इन बीमारियों से जुड़ी जीवन रक्षक दवाईयां ओने पौने दामों पर बेची जा रही है जिसका रोकने वाला कोई नहीं है। बाजार में जो दवाईयां उपलब्ध है उनमें नकली दवाईयों की भरमार है।




## सीएनजी, पेट्रोल व डीजल वाहनों के लिए अनिवार्य है स्टिकर

# थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क से पीयूसी संचालकों की चांदी, 1-2 हजार में बना रहे है दिल्ली से बाहर का प्रमाण पत्र

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

नो पीयूसी, नो फ्यूल के नियम कठोरता से लागू होते ही पोल्युशन कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) केंद्र संचालको की मानों चांदी हो गई है। क्योंकि जिन वाहनों के पास थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क (विंडशील्ड पर क्रोमियम-आधारित रंगीन स्टिकर) नहीं लगा है उसे पहले से ही तेल, यहां तक की सीएनजी भी नहीं मिलती थी। लेकिन सब ले देकर चल ही रहा था। किंतु अब प्रदूषण के नाम पर सरकार की कठोरता ने जहां थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क नहीं लेने वाले वाहन चालकों की परेशानी कई गुणा बढ़ गई है। वहीं पीयूसी केंद्र संचालको के लिए यह नियम चांदी कूटने वाला साबित हो रहा है।

नियम के अनुसार परिवहन विभाग में आवेदन करके वैध थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क लेने की प्रक्रिया में कई कई दिन लग जाते है। लेकिन पीयूसी केंद्र संचालको की सेटिंग के चलते आपके पास वैध थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क ही होने पर भी महज 10-15 मिनट में दिल्ली से बाहर के किसी राज्य का पोल्युशन कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) आपके हाथ में होगा। इसके लिए आपको 1-2 दो हजार रुपए खर्च करने पड़ेगें। पैसे देने के बाद आपको बिना हरियाणा या यूपी गए ही उस राज्य के किसी पीयूसी केंद्र से पोल्युशन कंट्रोल सर्टिफिकेट हाथों हाथ मिल जाएगा। जिसके बाद आपको आराम से किसी भी पेट्रोल पंप से तेल या सीएनजी मिल जाएगी। साधारण तौर पर यह पीयूसी 80-140 रुपए तक वाहनों के प्रकार के अनुसार होता है।




### वाहन मालिको की भी अपनी परेशानी, नियम से अंजान कर रहे सरकार से ढील की मांग

वाहन मालिको का कहना है कि यह नियम फरवरी मार्च में हुआ होगा। लेकिन सरकार व परिवहन विभाग ने इस नियम की सख्ती को लेकर लोगों को जागरूक क्यों नहीं किया। सतीश नामक व्यक्ति ने कहा कि मैंने कार ही दो महीने पहले खरीदी है, जबकि मेरा पीयूसी समाप्त हुआ 18 दिसंबर को। अब ऐसे में मुझे मालूम ही नहीं था कि बिना थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क के सीएनजी भी नहीं मिलेगी। सतीश ने कहा कि ऐसे में मेरे जैसे लोग अब क्या करें। बिना पीयूसी के ईंधन नही मिलेगा तो चलेंगे कैसे। जबकि परिवहन विभाग से थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क लेने की प्रक्रिया में कई दिन लगेगें। ऐसे वाहन मालिको ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि वह ऐसे वाहनों को अतिरिक्त समय सीमा दे जिससे की वह थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क ले सकें। सरकार अगर संभव हो तो पीयूसी केंद्रों पर ही थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क देने की व्यवस्था कर दे तो कम से कम इस भ्रष्टाचार से मुक्ति मिले।

### क्या है थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क, दिल्ली के वाहनों के लिए ही है जरूरी

मार्च 2025 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस नियम को सरकार ने दिल्ली में लागू किया। इस नियम का सीधा सा मतलब यही है कि नो पीयूसी, नो फ्यूल। थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) से अलग है। इसमें वाहन के विंडशील्ड के ऊपरी-बाएँ कोने पर लगने वाला एक सेल्फ-डिस्ट्रक्टिव क्रोमियम स्टिकर है। अगर वाहन पर यह स्टीकर नहीं है तो वाहन की प्रदूषण जांच नहीं की जा सकती। यह ऐसा स्टीकर है जिसे केवल परिवहन विभाग ही जारी कर सकता है, कोई भी पीयूसी सेंटर थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क जारी नहीं कर सकते। और न ही इस स्टीकर के बिना वाहन का प्रदूषण जांच कर सकता। अगर कोई भी पीयूसी केंद्र ऐसी सूरत में वाहन का प्रदूषण जांच करते और उसे सर्टिफिकेट देते हुए पकड़ा जाता है तो ऐसे में पीयूसी सेंटर व संबंधित वाहन मालिक, दोनों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इसी नियम का फायदा अब पीयूसी केंद्र संचालक उठा रहे है और अपनी सांठगांठ के चलते हाथों हाथ दूसरे राज्य का पीयूसी निकाल कर दे रहे है। हां अगर आप दिल्ली से बाहर के किसी भी राज्य में हो तो आपको थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क के बिना ही पीयूसी मिल जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 876 ठिकानों पर छापेमारी, 146 धराए

**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस द्वारा 1 दिसंबर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है।



अंतर्गत अवैध नशा, अवैध हथियार, शराब, जुआ, सट्टा व संगीन अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पुलिस ऑपरेशन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है, 18 दिन में 876 ठिकानों पर छापेमारी कर 146 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है।

### फोन व पर्स छीनने वाले दो आरोपी पकड़ाएं

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 13-14 दिसम्बर की रात को स्नैचिंग की



वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मोहन सिंह निवासी सेक्टर-15 ए अजरौंदा ने पुलिस को एक शिकायत दी 13-14 दिसंबर की रात को जब वह मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो दो लड़को ने छीना झपटी कर उससे उसका पर्स और मोबाईल छीनकर वहां से भाग गए।

### निवेश के नाम पर की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर की गई ठगी के एक मामले



में ठगों को बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले एक आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-34 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी कि ठगों ने उसके पिता से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर एक एप डाउनलोड करवाया तथा शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया।

# मौली- ए टाइमलेस ट्रेडिशन भक्ति, परंपरा और समानता की भावपूर्ण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सिंधु मिश्रा के मार्गदर्शन में आयाम इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत कलैमामणि बाला देवी चंद्रशेखर की नवीन भरतनाट्यम नृत्य-नाटिका 'मौली- ए टाइमलेस ट्रेडिशन एक गहन आध्यात्मिक और कलात्मक अनुभव के रूप में सामने आई।

यह प्रस्तुति न केवल शास्त्रीय नृत्य की तकनीकी सुदृढ़ता का प्रमाण थी, बल्कि भक्ति और मानवीय समानता के शाश्वत मूल्यों को भी प्रभावशाली ढंग से उजागर करती है। बाला देवी चंद्रशेखर द्वारा परिकल्पित, कोरियोग्राफ और प्रस्तुत यह नृत्य-नाट्य पंढरपुर परंपरा और वारकरी संप्रदाय की आध्यात्मिक चेतना पर आधारित है। भारतीय दर्शन, मंदिर स्थापत्य और शास्त्रीय साहित्य पर गहन शोध के आधार पर रची गई यह कृति दर्शकों को आलंदी और देहू से पंढरपुर तक की 250 किलोमीटर लंबी वारी यात्रा का सांकेतिक अनुभव कराती है, जिसे मंच पर 'चलता हुआ तीर्थ' कहा जा सकता है।

**खास बातें**

- जहां परंपरा जीवित है, और भक्ति सबको समान रूप से जोड़ती है
- 35 से अधिक देशों में प्रस्तुतियां दे चुकीं बाला देवी
- अमेरिका में रहते हुए भारतीय परंपरा रची-बसी हैं



### नृत्य-नाटिका यह संदेश देती है कि भक्ति के मार्ग पर न कोई ऊंचा है, न नीचा

भरतनाट्यम की सशक्त भाषा में प्रस्तुत इस यात्रा में चंद्रभागा नदी की कोमलता, पांडुरंग-विठ्ठल की दिव्य उपस्थिति और वारकरी भक्तों की सामूहिक आस्था सजीव हो उठती है। बाला देवी का संयमित अभिनय और मूर्तिकला-सदृश मुद्राएं कथा को शब्दों से आगे ले जाकर सीधे अनुभूति के स्तर पर स्थापित करती हैं। इस प्रस्तुति का केंद्रबिंदु है 'मौली'ममता की प्रतीक, दिव्य माँ और वह करुणामयी शक्ति जो सभी को समान भाव से अपनाती है। नृत्य-नाटिका यह संदेश देती है कि भक्ति के मार्ग पर न कोई ऊंचा है, न नीचा यहां सभी समान हैं। दर्शक केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि 'अंतर-यात्री' बनकर इस आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा हो जाते हैं। इस अवसर पर आयाम इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की संस्थापक-निदेशक सिंधु मिश्रा ने कहा कि वे चाहती थी कि दिल्ली कुछ बिल्कुल अलग देखे—एक ऐसी शास्त्रीय नृत्यांगना, जो अमेरिका में रहते हुए भी भारतीय परंपरा में इतनी गहराई से रची-बसी हैं। बाला देवी चंद्रशेखर की कला वैश्विक दृष्टि और भारतीय मूल्यों का अद्भुत संगम है। संगीत, काव्य और दृश्य संयोजन ने प्रस्तुति की गंभीरता और भावनात्मक प्रभाव को और सशक्त किया।

पूरी रचना में शास्त्र, मूर्तिकला, संगीत और साहित्य का संतुलित समावेश दिखाई देता है, जो बाला देवी चंद्रशेखर की शोध-आधारित कलात्मक पहचान को रेखांकित करता है। प्रसिद्ध नृत्यविद् डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम की वरिष्ठ शिष्या, बाला देवी चंद्रशेखर वर्तमान में अमेरिका के प्रिंसटन स्थित हैं और एशियाई परफॉर्मिंग आर्ट्स में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में कार्यरत हैं। 35 से अधिक देशों में प्रस्तुतियां दे चुकीं बाला देवी ने भरतनाट्यम को इतिहास, दर्शन और नैतिक मूल्यों से जोड़ने वाली एक सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान की है।

### शहर के 5 स्थानों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए

# सरकार की नई वॉटर पॉलिसी का नागरिक उठाएं लाभ, जल्द लें सीवर और पानी के कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेशवासियों को दी गई नई वॉटर पॉलिसी के तहत नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर तथा निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा के मार्गदर्शन में लगातार पानी और सीवर कनेक्शनों को वैध और नया कनेक्शन कराने के उद्देश्य से नगर निगम फरीदाबाद द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल पांच स्थानों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए।

विभिन्न कैंप में शुक्रवार को 178 आवेदन प्राप्त हुए। पर्वतीया कॉलोनी बूस्टर पर आयोजित कैंप में 95 आवेदन सीवर के पानी के कनेक्शन के प्राप्त हुए। नगर निगम द्वारा पानी और सीवर के लिए दिए जा रहे कनेक्शन में लोगों को काफी राहत मिल रही है लोगों को अब इधर-उधर चक्कर न काटकर सीधे कनेक्शन की फाइल जमा हो जाती है। अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह और कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार ने विभिन्न कैंपों का जायजा लिया।



**पानी और सीवर के लिए दिए जा रहे कनेक्शन में काफी राहत मिल रही**

पानी और सीवर का कनेक्शन लेने वाले सेक्टर-10 निवासी अजय सिंघल ने निगम प्रशासन सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि कैंप में कार्य आसानी से हो रहा है। इसके अलावा सेक्टर 7 निवासी अमित कुमार ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है एक स्थान पर ही आकर पानी का कनेक्शन की फाइल मंजूर हो रही है और यहां कर्मचारी भी उन्हें पूरा सहयोग करते हुए दिखाई दिए हैं।

इन कैंपों का आयोजन नागरिकों को एक ही स्थान पर पानी एवं सीवर कनेक्शन से संबंधित समस्याओं के समाधान और वैधीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया जिससे आमजन को निगम कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। आज कैंपों का आयोजन क्रमशः बल्लभगढ़ की भाटिया कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, सेक्टर 7 वार्ड कार्यालय, ओल्ड फरीदाबाद अशोका एनक्लेव, पर्वतीय कॉलोनी बूस्टर और मुजेसर गांव के सामुदायिक भवन में ये कैंप लगाए गए और कल भी यहां पर कैंप लगाए जाएंगे। कैंपों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने पानी और सीवर कनेक्शनों को नियमित, वैध कराने की प्रक्रिया पूरी की। निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। वार्ड कार्यालय में एसडीओ सुरेंद्र खट्टर, जेई अंकित गोयल, निगम के एडवाइजर अनिल मेहता, निगम पीआरओ जोगेंद्र सिंह, रेजिडेंट वेलफेयर के सदस्य रूमा नंबरदार, अजीत नंबरदार, प्रेम मदान सहित सेक्टर के लोग मौजूद रहे।

### ग्रेप-4 नियमों के उल्लंघन पर निगम की सख्त कार्रवाई

**फरीदाबाद।** ग्रेप-4 के नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम के स्पेशल सैनिटेशन ऑफिसर एशवीर सिंह ने बीती रात स्वयं सडक़ों पर उतरकर निरीक्षण किया और खुले में तंदूर जलाने तथा कूड़े में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। इस दौरान ग्रेप-4 के नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 16 लोगों के चालान किए गए, जिन पर कुल




लगभग 64 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग बायोमास ईंधन, लकड़ी एवं कोयले से तंदूर जला रहे थे, जबकि कुछ स्थानों पर खुले में कूड़ा जलाया जा रहा था, जिससे वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही थी। स्पेशल सैनिटेशन ऑफिसर एशवीर सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बायोमास ईंधन, लकड़ी और कोयले से तंदूर न जलाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर पहली बार में 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा तथा नियम न मानने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी बार पकड़े जाने पर 10 हजार रुपए का चालान लगाया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खुले में गार्बेज न जलाएं, तंदूर न जलाएं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में नगर निगम का सहयोग करें, ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके और निगम की कार्रवाई से बचा जा सके। नगर निगम द्वारा ग्रेप-4 के नियमों के तहत यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

## मुजेसर गांव की चौपाल का सौंदर्यीकरण पूरा, गांव को किया गया समर्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुजेसर गांव की चौपाल का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के उपरांत चौपाल को विधिवत रूप से गांववासियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद रवि भगत सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें जगत भूरा, सुंदर सिंह, कर्मवीर जाखड़ सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामीण शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने चौपाल के सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव की सामाजिक गतिविधियों को नया स्वरूप मिलेगा तथा ग्रामीणों को बैठने एवं सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। गांववासियों ने भी चौपाल के सौंदर्यीकरण के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश में कुल राशन कार्ड 51 लाख 72 हजार: मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अक्टूबर 2024 में प्रदेश में राशन कार्डों की कुल संख्या 51,72,270 थी।

राज्य मंत्री राजेश नागर आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रोहतक से विधायक भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लाभार्थियों के लिए राशन कार्ड की दो केटेगरी हैं यानि प्राथमिकता परिवार (गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल) और अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई)।

नागर ने सदन को बताया कि अक्टूबर 2024 में इनमें प्रथमिकता वाले परिवार अर्थात गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल), परिवार के कुल राशन कार्डों की संख्या 48,79,423 थी।

### कर्मचारी एवं मजदूर संगठनों की घोर निंदा, राष्ट्रव्यापी विरोध करने का किया ऐलान

## वी बी. जी राम जी विधेयक ग्रामीण मजदूरों के सौ दिन रोजगार गारंटी के अधिकार का खात्मा: सुभाष लांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कर्मचारी और मजदूर संगठनों ने बृहस्पतिवार को पारित किए रोजग़ार और आजीविका की गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक, 2025 वी बी.जी राम जी की कड़े शब्दों में निंदा और विरोध किया है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, सीटू हरियाणा के महासचिव जयभगवान, हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसडी त्यागी और एटक के वरिष्ठ नेता बेचू गिरी ने इस विधेयक की कड़े शब्दों में घोर निंदा की है। उन्होंने बताया कि यह विधेयक वास्तव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 मनरेगा को ही खत्म करने का प्रयास है। सरकार ने समूचे विपक्ष और मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों के तीखे विरोध की अनदेखी कर बहुत ही जल्दबाजी में विधेयक को बहुमत के दम पर पारित किया है। इसलिए इस मजदूर विरोधी विधेयक का देशभर में व्याप्त विरोध किया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने इस विधेयक की निंदा करते हुए बताया कि देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने, बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करने वाले पहले से मौजूद कानून को आखिर केन्द्र सरकार क्यों बदल रही है सरकार मजदूरों को गुमराह करने के लिए यह दावा कर रही है कि अब सौ की बजाय 125 दिन काम दिया जाएगा। लेकिन विधेयक का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि यह दावा महज एक जुमला है। नए कानून के तहत अब पूरे देश के सभी ग्रामीण मजदूरों को काम देने की कोई गारंटी नहीं रहेगी। केवल उन्हीं गांवों के मजदूरों को काम मिलेगा, जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। इसके साथ ही काम न मिलने की स्थिति में मिलने वाला बेरोजग़ारी भत्ता भी समाप्त कर दिया गया है।

**रोजगार की गारंटी केंद्र सरकार की कृपा पर निर्भर**

मनरेगा एक सार्वभौमिक, मांग आधारित वैधानिक अधिकार स्थापित करता है जिसके तहत किसी भी ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी वयस्क व्यक्ति जो अकुशल शारीरिक श्रम करना चाहता है, काम पाने का हकदार है। इसके विपरीत नए विधेयक के अनुसार काम केवल उन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों में दिया जाएगा जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। यदि कोई क्षेत्र अधिसूचित नहीं होता है, तो वहां के मजदूरों को काम पाने का कोई अधिकार नहीं रहेगा। इससे रोजगार की गारंटी केंद्र सरकार की कृपा पर निर्भर हो जाएगी।

### क्लैट 2026 परीक्षा में दिल्ली-एनसीआर के छात्रों का जलवा

**गुरुग्राम।** लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर के छात्रों ने क्लैट 2026 परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष अखिल भारतीय रैंक हासिल की हैं।

परीक्षा के कुछ खंड अप्रत्याशित होने के बावजूद छात्रों ने आत्मविश्वास और संतुलन के साथ परीक्षा दी। आनंद शर्मा, निदेशक, लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर ने बताया कि संस्थान के प्रमुख सफल छात्रों में फ़ूज़ीन मलिक (एआईआर 12, जम्मू-कश्मीर), अभिजीत कुमार (एआईआर 13, ओबीसी), नैना यादव (एआईआर 15, ओबीसी), समिक्षा सिंह (एआईआर 45), सालोनी (एआईआर 62, ईडब्ल्यूएस), उत्कर्ष राज मोगा (एआईआर 108, एससी), अक्षत पाठक (एआईआर 112), केशव पाराशर (एआईआर 123), रितिका शर्मा (एआईआर 153, ईडब्ल्यूएस), आरव श्रीवास्तव (एआईआर 163), निशांत निशचल (एआईआर 177), अचिन्त्य सिंह (एआईआर 197), नम्या बोरा (एआईआर 200, ओबीसी), रोहित यादव (एआईआर 204, ओबीसी), उत्कर्ष कुमार सिंह (एआईआर 338, ईडब्ल्यूएस), सिद्धांत नेगी (एआईआर 394), सेजल यादव (एआईआर 447, ओबीसी), वी. अखिलेश उप्पुलुरी (एआईआर 481), मोह्निश मुप्पल्ला (एआईआर 474), आकुल सिंगला (एआईआर 504), काशिका (एआईआर 793), भाव्या दीवान (एआईआर 828) तथा लास्या नरांग (एआईआर 854) शामिल हैं। वहीं निदेशक एवं मेंटर प्रियाम रस्तोगी ने बताया कि परीक्षा मुख्यतः सामान्य ज्ञान आधारित रही, जिसका प्रभाव लीगल सेक्शन में भी देखने को मिला। जबकि एकलव्य मरे, निदेशक, लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर ने कहा कि क्लैट जैसी योग्यता आधारित परीक्षा में तनाव को संभालने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

### साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित कर अर्पित की गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## सरवन पटेल की रेत कला में उभरी साहिबजादों की शौर्यगाथा, 40 मिनट के शो ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-14 के सभागार में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सैंड आर्ट शो (रेत कला प्रदर्शनी) एवं जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय वीरगाथा और सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीबी प्रोडक्शन के प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सरवन पटेल ने अपनी कला से इतिहास के अमर अध्यायों को जीवंत कर दिया।

करीब 40 मिनट के इस सैंड आर्ट शो में मुगलों के अत्याचार, साहिबजादों का अदम्य साहस और उनकी शहादत को क्रमबद्ध व कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

हल्के संगीत और मार्मिक कथन के साथ कलाकार ने रेत के कणों से गुरु गोबिंद सिंह महाराज के चारों शूरवीर पुत्रों की पूरी जीवन-यात्रा को सजीव रूप में उकेरा।

### जीवन को तनाव से मुक्त कर आनंदमय व निरोगी बनाने के लिए ध्यान को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें

## ध्यान हमें आनंद से परमानंद की ओर ले जाता है: देवेंद्र हितकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

ध्यान योग लाइफस्टाइल एक्सपर्ट देवेंद्र हितकारी ने शुक्रवार को यहां कहा कि हम सबको अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्यान एक ऐसा मानसिक और शारीरिक व्यायाम है, जो मन को शांत करने के साथ तनाव खत्म करता है और आंतरिक शांति व आनंद प्रदान करता है।

एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ध्यान के महत्व को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया भर में ध्यान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है। वर्ष 2024 में विश्व भर में ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति किसी ना किसी कारण से तनाव में रहता है। यह तनाव ही कई प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है। यहां तक कि ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियां भी इसके कारण होती हैं।



अतः अपने जीवन को तनावमुक्त कर उसे आनंदमय व निरोगी बनाने के लिए हमें ध्यान पर ध्यान देना होगा और नियमित रूप से ध्यान करना होगा। देवेंद्र हितकारी ने कहा कि अष्टांग योग में सबसे पहले हम नियम यम में व्यक्तिगत अनुशासन द्वारा जीवन जीने की कला सीखते हैं। जीवन को ठीक प्रकार से जीने के लिए तन-मन-धन सब शुद्ध होना चाहिए। शुद्ध होने पर ही व्यक्ति ज्ञान की ओर अग्रसर होता है। ज्ञान से मन व इंद्रिया नियंत्रण में होंगी और हमारा मन इंद्रियों का राजा बनेगा तो सदगुणों का विकास होगा और अहंकार का भाव घटेगा तो परमात्मा से मिलन का द्वार अपने आप ही खुल जाएगा। ज्ञान से जीवन में सदैव आनंद रहेगा। ध्यान से ही आनंद से परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। अष्टांग के पांचवे नियम प्रत्याहार को जाने बिना ध्यान में जाना संभव नहीं है। प्रत्याहार यानि इंद्रियो को वापस खींचना और आहार यानि भोजन। इंद्रियों को अपने अंदर ही लौटाकर आत्मा की ओर लगाना या स्थिर करना ही प्रत्याहार है। इसी से हमारा मन शांत होकर ध्यान में लगता है। अष्टांग योग का छठा सोपान धारना यानि धारण करना है। जब मन एकाग्रचित होगा तो मूड बदलेगा, चिड़चिड़ापन दूर होगा। नींद डीप स्लीप में आने लगेगी तो हम स्वस्थ होंगे और पाचन तंत्र मजबूत होगा। पॉजिटिव फील गुड एनर्जी बढ़ने लगेगी, रक्त शुद्ध होने लगेगा और ब्रेन का संतुलन बढ़ने लगेगा। देवेंद्र हितकारी ने बताया कि ध्यान से ऑक्सीजन का लेवल भी बढने लगेगा और तनाव व सुस्ती कम होने लगेगी। अष्टांग योग के तीसरा नियम योगासन में सूर्य नमस्कार, भुजगांसन, सेतुबंदासन आदि से भी तनाव कम होता है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 216 दिनांक 27.04.2023 धारा 346 भा. द.स. थाना खरखौदा जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- मोनू।
पिता का नाम - राम जयोदास।
पत्ता- मिल्की वार्ड न. 1 जिला बेगमपुर बिहार हाल DLF भट्टा गांव सिलाना जिला सोनीपत।
उम्र 21 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 इन्च ।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
पहनावा हरे रंग का शर्ट, स्लेटी रंग की लोवर, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 21.04.2023 को मोनू पुत्र राम जयोदास वासी मिल्की वार्ड न. 1 जिला बेगमपुर बिहार हाल DLF भट्टा गांव सिलाना जिला सोनीपत से अपनी मर्जी से बिना बताए कहीं चला गया हैं। अब तक वापिस नही आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410536**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9996017456**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100**

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4247/2026/41326/88/7 दि. 19.12.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश उर्फ विक्की पुत्र** दीपक सिंह, **निवासी** मकान नं0 62, 63बी, खसरा नं0 816, अचार वाली गली नं0-2, डी-ब्लॉक, अमन विहार, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 151/21, U/S 394/411 IPC, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 151/21, U/S 394/411 IPC, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03, उत्तर-पश्चिम,
कोर्ट नं0-107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/16985/OD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) अंकुश उर्फ बनोंदी पुत्रः** बलजीत सिंह **पताः** ग्राम बनोंदी थाना शहजादपुर, जिला अंबाला, हरियाणा, **(2) कपिल सांगवान उर्फ नंदू पुत्रः** सूरजभान **पताः** आरजेड-81, बी, नंदा एन्क्लेव, नजफगढ़, नई दिल्ली, **(3) वैंकेट गर्ग पुत्रः** अविनाश **पताः** मकान नंबर 320, वार्ड नंबर 4, शादना कॉलोनी, नारायणगढ़, अंबाला हरियाणा, ने **FIR No. 167/25 U/s 103(1)61(2)/318(3)/49/249/238/3(5) BNS & 25/27 A. Act थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त सभी अभियुक्त फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 167/25 U/s 103(1)61(2)/318(3)/49/249/238/3(5) BNS & 25/27 A. Act थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) अंकुश उर्फ बनोंदी (2) कपिल सांगवान उर्फ नंदू (3) वैंकेट गर्ग** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री मोक्षा बैंस**
जेएमएफसी-11, कमरा नंबर 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/17059/OD/2025**
**(Court Matter)**

# वोटिंग से पहले ही गिर गया कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। वहीं, दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार के खिलाफ लाया गया कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। देर रात तक प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसके बाद कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही वाकआउट कर दिया। इसके कारण वोटिंग से पहले ही अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। सदन की कार्यवाही अब सोमवार तक के लिए स्थगित हो गई। मुख्यमंत्री की तरफ से दिए जा रहे जवाब को पढ़ा हुआ माना गया और स्पीकर ने जब वोटिंग के लिए कहा, तो कांग्रेस गायब थी। इस दौरान सदन में मौजूद सदस्यों ने इस प्रस्ताव को गिरा हुआ माना। इससे पहले वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम आने पर कांग्रेसी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी, हंगामा और शोरगुल कर दिया। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कांग्रेस विधायक उठकर वेल में आकर बैठ गए। विस अध्यक्ष ने बार-बार चेतावनी दी।, लेकिन नहीं माने तो कांग्रेस के 9 विधायकों को बाहर निकाले का आदेश मार्शलों को दिया।

### प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही विपक्ष का वाकआउट



### सैनी बोले-नेहरू ने मुस्लिम लीग का साथ दिया

*बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विस अध्यक्ष से अपील करते हुए बाहर किए विधायकों को सदन में बुलाने की अपील की तो निष्कासित विधायकों को अंदर बुला लिया गया। सैनी ने कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि जवाहरलाल नेहरू ने वंदे मातरम के विरोध में मुस्लिम लीग का साथ दिया था और इन तथ्यों को छुपाया नहीं जा सकता। यह मंत्र स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश को नई ऊर्जा देने वाला रहा है।*

**विधान सभा अध्यक्ष की चेतावनी को अनदेखा करना पड़ा भारी** → **कांग्रेस के 9 विधायकों को मार्शलों ने बाहर निकाला** → **सीएम की अपील पर बाहर निकाले गए विधायक वापस बुलाए गए**

**सदन में वंदे मातरम पर जमकर तू-तू, मैं-मैं**

सदन में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच में जमकर तू-तू मैं-मैं हुई और हंगामा, नारेबाजी हुई। जब सीएम सैनी ने बात रखी, तो कांग्रेस व भाजपा के सदस्यों के बीच में बहस हुई। इस दौरान वेल में आए कांग्रेस के लोगों को बार-बार विस अध्यक्ष ने चेतावनी दी। नहीं माने तो विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नौ कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर जाने का आदेश दिया। सभी को नेम कर दिया और मार्शलों को आदेश दिया कि इन्हें बाहर निकालें। इसके बाद मार्शलों ने जस्सी पेटवाड़, विकास सहारण, नरेश सेलवाल, शकुंतला खटक को जबरन बाहर धकेला और चारों तरफ से घेर लिया। अशोक अरोड़ा व देवेंद्र हंस खुद ही बाहर की तरफ चले गए। बलराम दांगी व सेलवाल के साथ में मार्शलों की जमकर बहस हुई। भुक्कल ने बाहर जाने से मना कर दिया तो महिला मार्शलों ने घेर लिया तो भुक्कल ने मार्शल को थप्पड़ दिखाकर दूर रहने को कहा।

### अविश्वास प्रस्ताव पर देर रात तक चली चर्चा

इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर देर रात तक लंबी चर्चा चली। सीएम नायब सैनी ने करीब डेढ़ घंटे का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा- मैंने इनके अविश्वास प्रस्ताव को पढ़ा है, मैं हैरान हूं कि कहीं ये प्रस्ताव हड़बड़ी में तो नहीं ले आए। इन कांग्रेसियों ने अपने सीनियर नेता रघुवीर कादियान को बलि का बकरा तो नहीं बना दिया। वहीं, कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस के लिए पर्ची-खर्ची की बात करती है, जबकि भाजपा के राज में यूनिवर्सिटीज में वाइस चांसलर पर्ची-खर्ची से लगाए। अविश्वास प्रस्ताव लंबी चर्चा के बाद आखिरकार खारिज हो गया।

## खबर संक्षेप

### लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका



**पटना।** आईआरसीटीसी टेंडर और लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने रबड़ी देवी की उस याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने खुद व अपने परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामलों को जज विशाल गोगने से ट्रांसफर करने की मांग की थी। राबड़ी देवी के वकील की ओर से दलील दी गई थी कि मौजूदा अदालत में निष्पक्ष सुनवाई का भरोसा नहीं रह गया है। साथ ही आरोप लगाया था कि अब तक जिस तरह से कार्यवाही संचालित की गई है, उससे पक्षपात का संकेत मिलता है।

### झारखंड में नाबालिग नक्सली ने किया सरेंडर



**सारंडा।** झारखंड के सारंडा में सक्रिय और विस्फोटक लूटकांड समेत कई वारदातों में शामिल नाबालिग नक्सली ने गुरुवार को राउरकेला पुलिस के समक्ष हथियार डाल दिया। एसपी कार्यालय में डीआईजी बृजेश राय व एसपी नितेश वाधवानी की मौजूदगी में कार्बाइन सौंप दी। प. सिंहभूम के जामदा का निवासी दक्षिण छोटानागरा डिवीजन का सदस्य था।

## कफ सिरप मामले में का बड़ा फैसला

# हाईकोर्ट ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से किया इनकार

नशीले कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल समेत सभी 40 आरोपियों को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया है।

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज/लखनऊ

यूपी के चर्चित कफ सिरप मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग वाली अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। मुख्य आरोपी शुभम अग्रवाल समेत 40 आरोपियों ने गिरफ्तारी से रोक लगाने और एफआईआर रद्द करने मांग को लेकर अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों की अर्जी खारिज कर दी। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है।

**25 हजार का इनामी शुभम जायसवाल करता था विशाल व विभोर राणा से व्यापार-** कोडीनयुक्त कफ सिरप कांड की जांच में यूपी एसटीएफ ने लखनऊ आलम बाग के पास से दो अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में 25 हजार रुपए के इनामी शुभम जायसवाल का पूरा नेटवर्क सामने आया है। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि विशाल और विभोर का शुभम जायसवाल के साथ व्यापारिक संबंध था।



### सप्लाई को कानूनी शिपमेंट की तरह दिखाता था

तीनों मिलकर कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी करते थे। माल वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और आगरा समेत अन्य जगहों से फर्जी ई वे बिल बनाकर बंगाल के अलावा अन्य जगहों पर भेजा जाता था। इसी बीच शुभम ने अपने पिता भोला जायसवाल के नाम पर रांची में एबॉट कंपनी की सुपर स्टॉकिस्ट हासिल कर ली और इन दोनों से किनारा कर लिया। इसके बाद लाइसेंस और दस्तावेज की आड़ में वह बड़े पैमाने पर कफ सिरप की सप्लाई को कानूनी शिपमेंट की तरह दिखाता था। सुपर स्टॉकिस्ट के बाद शुभम की सप्लाई चेन पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई थी। सहारनपुर में पकड़े गए दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि सिरप की कई खेप रांची से सीधे यूपी और हरियाणा रूट पर भेजी गई।

### गाजियाबाद में कोडीन सिरप का बनाया था गोदाम

ड्रग विभाग की जांच में सामने आया है कि शुभम ने अपनी फर्म शैली ट्रेडर्स के नाम पर हिमाचल की फर्म से सिरप मंगाने के बाद उसे गाजियाबाद के गोदाम में रखता था। फर्जी फर्मों के कागज तैयार कर उसे आगरा, लखनऊ और वाराणसी तक सप्लाई करता था। वाराणसी से कोडीन सिरप की बड़ी खेप सोनभद्र के रास्ते झारखंड और पश्चिम बंगाल जाती थी। इसके बाद बांग्लादेश और नेपाल तक जाती थी।

### अखिलेश और सीएम योगी आमने-सामने

पूरा मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद का रूप ले चुका है। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सिरप तस्करी मामले में बयान देने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी पलटवार किया है।

### सपा से जुड़े हैं पकड़े गए लोगों के तार: सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन कफ सिरप के अवैध कारोबार को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि मामले की जांच जारी है और अब तक जितने भी लोग पकड़े गए हैं, उनके तार सपा से जुड़े हुए हैं।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले विधान भवन में प्रवेश के दौरान पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा, 'हमारी जांच जारी है और अभी तक जितने लोग पकड़े गए हैं, उनके तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयानों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'उनके बारे में बस यही कहूंगा-'यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''माफियाओं के साथ इनकी (अखिलेश यादव) भी तस्वीरें हैं।

### फोटो लेकर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

# कफ सिरप घोटाले के वांछितों के साथ दिखे अखिलेश यादव!



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कोडीन कफ सिरप मामले में शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नया खुलासा किया है। कफ सिरप में वांछित लोगों के समाजवादी पार्टी के मुखिया के तस्वीर मीडिया से साझा की। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा मुखिया के दाएं और बाएं खड़े कफ सिरप में वांछित लोगों से क्या रिश्ते हैं? इसे स्पष्ट करें। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। सपा कफ सिरप के वांछितों को क्यों सम्मान देने का काम कर रही है? ये लोग प्रदेश सरकार को बदनाम कर रहे हैं। ये समूह सपा के सदस्य हैं। इनका पालन पोषण सपा ने किया है।

### सपा अपना पाप सरकार पर मढ़ रही

उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपना पाप सरकार पर मड़ रही है। सरकार कफ सिरप मामले की निष्पक्ष जांच करा रही है। जल्द ही जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### भ्रष्टाचार पर किया प्रहार

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लगातार प्रदेश को वन डिस्टिक वन माफिया, भ्रष्टाचार, कदाचार, गुंडागर्दी की ओर धकेलने वाले सपा के लोग अपने गिरेबान में झांक कर देखें। हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ निष्पक्ष जांच कर रही है। जो भी दोषी होंगे। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# देशभर के पाक कला विशेषज्ञों व युवा उद्यमियों ने किया मंथन

- एसजीटी में "कैच प्रस्तुत टेस्टप्रेन्योर ग्रैंड इवेंट" का आयोजन
- 'टेस्टप्रेन्योर ग्रैंड इवेंट' में तेजी से बढ़ते फूड एंड बेवरेज सेक्टर पर खास चर्चा
- दस एपिसोड के रियलिटी शो की भी शुरुआत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी परिसर में एजीएसकेआई 360 (अनंता जीएसके इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड) ने अपने नॉलेज पार्टनर, स्कूल ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, एसजीटी यूनिवर्सिटी के सहयोग से "कैच प्रस्तुत टेस्टप्रेन्योर ग्रैंड इवेंट" का आयोजन किया। यह आयोजन भारत के तेजी से बढ़ते फूड एंड बेवरेज (एफ एंड बी) सेक्टर को समर्पित रहा, जिसमें देशभर के पाक कला विशेषज्ञ, हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स और उभरते उद्यमी एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन क्यूलिनरी फोरम के जनरल सेक्रेटरी, शेफ विवेक सग्गर ने किया। उन्होंने अपने अनुभव और विचारों से युवाओं को प्रेरित करते हुए नेतृत्व, रचनात्मकता और पाक कला में उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला।

### फूड और हॉस्पिटैलिटी उद्यमी सशक्त बनेंगे

'टेस्टप्रेन्योर' एक ऐसा मंच है, जिसका उद्देश्य भारत के उभरते फूड और हॉस्पिटैलिटी उद्यमियों को सशक्त बनाना है। लाइव डेमोंस्ट्रेशन, पैनल डिस्कशन, प्रतियोगिताओं और नेटवर्किंग सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मेंटरशिप और व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त हुईं, जिससे वे अपने बिजनेस आइडिया को निखार सकें और विस्तार दे सकें। इस आयोजन में शेफ्स, स्टार्टअप फाउंडर्स, फूड ब्लॉगर्स, इन्फ्लुएंसर्स, शिक्षाविदों और संस्थागत नेतृत्व की व्यापक भागीदारी देखने को मिली।

## पेज एक का शेष

### राजशाही और चटगांव में...

जिसके बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मालूम हो कि उस्मान हादी पिछले साल अगस्त महीने में बांग्लादेश में तत्कालीन शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों से जुड़ा हुआ एक प्रमुख युवा चेहरा था। जिसकी मौत के बाद से वहां हालात पहले जैसे तनावपूर्ण हो गए हैं। शेख हसीना उक्त घटनाक्रम के बीच 2024 में ही भारत आ गई थीं। तब से वो देश में ही रह रही हैं।

### बांग्लादेश के तनावपूर्ण...

मंत्रालय की इस संसदीय समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर कर रहे हैं और उन्होंने अपनी रिपोर्ट को बीते गुरुवार को संसद के निचले सदन यानी लोकसभा के पटल पर रखा था। जिसका शीर्षक 'भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य' था। रिपोर्ट में समिति ने 1971 को लेकर की गई टिप्पणी का आधार 26 जून 2025 को उसके समक्ष दिए गए दो गैर सरकारी गवाहों के बयान को बताया है। जिन्होंने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को 1971 के बाद भारत के लिए सबसे बड़ी सामरिक चुनौती करार दिया था।

### निष्पक्ष चुनावों को...

नहीं हो सकेगी। जिससे इनमें पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी बनी रहेगी। शेख हसीना के भारत प्रवास को समिति ने अपनी रिपोर्ट में भारत की सभ्यतागत परंपरा और मानवीय भावना के दृष्टिकोण से रेखांकित किया है।

**मानवाधिकारों, अभिव्यक्ति की आजादी पर संकट:** बांग्लादेश में मानवाधिकार के मुद्दों को लेकर चिंता बढ़ने पर समिति सहमत है और उसका कहना है कि इसमें अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाने का मसला भी शामिल है। राजनीतिक अस्थिरता ने देश के कई भागों में कहीं न कहीं सामाजिक अशांति और प्रदर्शनों को बढ़ा दिया है। महंगाई बढ़ रही है और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार मंदी हो रही है। जिससे आर्थिक मोर्चे पर जटिलता की स्थिति बढ़ने का संकट बना हुआ है। अर्थव्यवस्था में भी मंदी को अनुभव किया जा सकता है। जिसमें कई कारक जिम्मेदार हैं, जैसे वैश्विक आर्थिक गिरावट शामिल है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने समिति को बताया कि भारत ने बांग्लादेश की मोहम्मद युनूस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के साथ लगातार बातचीत की है और वह पड़ोसी देश के आम लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सहयोगी रही है। इसके अलावा भारत की तरफ से दिया जाने वाला सहयोग और उसकी नीतियां आम जनता से संबंधित होती हैं, जिनका लक्ष्य राजनीतिक उद्देश्य नहीं होता है। समिति ने विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के इस वर्ष 4 अगस्त को उसके समक्ष दिए बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ संबंधों के मामले में भारत के रुख में अगस्त 2024 के बाद से कोई परिवर्तन नहीं आया है। हम ढाका के साथ रचनात्मक, साझा रूप से लाभप्रद, व्यावहारिक रूप से संबंधों को आगे बढ़ाने का इच्छुक है।

**अंतरिम सरकार से साधा संपर्क:** विदेश सचिव ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए भारत ने अंतरिम सरकार के साथ कई सामरिक और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर भी संपर्क साधा है। हम बांग्लादेश में बढ़ती कट्टरता, चरमपंथ और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों को लेकर चिंतित हैं। जिससे समूचा द्विपक्षीय माहौल प्रभावित होता है। समिति ने मंत्रालय द्वारा वर्तमान में उनके समक्ष संबंधों के मामले में बड़ी चुनौतियों और उनका मुकाबला करने के बारे में भी अवगत कराया है। भारत-बांग्लादेश संबंधों की बड़ी चुनौतियों में अवैध प्रवास, कट्टरता-चरमपंथ का बढ़ना, क्षेत्रीय सुरक्षा और संप्रभुता-क्षेत्रीय अखंडता के विरुद्ध चरमपंथी गतिविधियों का बढ़ना मुख्य हैं। जिन्हें बांग्लादेश सरकार के साथ सहयोग और तथ्यों के जरिए हल करने की कोशिश की गई है। अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के मामले को भारत सरकार ने अलग-अलग स्तरों पर बांग्लादेश के सामने उठाया है। उक्त विषय का चयन समिति ने 2024-25 और 2025-26 की स्थिति की व्यापक समीक्षा के मद्देनजर किया है।

### विपक्ष को पूरा समय...

बाद ऐसा अवसर आया जब विपक्षी सांसद आसंदी के व्यवहार, विधायी कार्य निपटाये जाने के तरीके और सदन में दमभर बोलने की आजादी से खुश नजर आ रहे थे। सभापति सीपी राधाकृष्णन सदन के अंदर बिना कुछ 'कम्युनिकेशन' के बहुत कुछ 'कम्युनिकेट' कर गये। सादगी तो ऐसी कि शुरूआत के दिनों में जब सांसद दिल्ली की ठंड में कोट, जैकेट पहनकर पहुंच रहे थे सभापति खादी के हाफ कुर्ते में ही सदन में नमूदार होते रहे।

**सभापति ने सांसदों का दिया धन्यवाद:** सोमवार को राज्य सभा के 269वें सत्र के समापन पर उन्होंने सभापति के रूप में चयन करने पर एकबार फिर से सांसदों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मंत्रीगण, सभा के नेता, जे.पी. नड्डा, और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, और उन सभी सदस्यों के प्रति एक बार पुनः गहन आभार और कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझे बधाई दी।" शीत सत्र बेहद पोजिटिव नोट पर खत्म हुआ तो सभापति ने आशा जताते हुए कहा कि आगामी सत्र और भी अधिक लाभप्रद रहेगा। राज्यसभा के सांसदों से सभापति ने कहा, मुझे खुशी है कि माननीय सदस्यगण ने इस शीतकालीन सत्र के दौरान व्यापक कार्य पूरा करने के लिए सभापीठ का सहयोग किया। विधायी कार्य पूरा करने के लिए पांच दिनों तक देर तक बैठने या मध्याह्न भोजन अवकाश छोड़ने की सहमति दी। लिहाजा, पचास फीसदी तक ज्यादा संसदीय कार्यवाहियों का समय के अनुसार निपटान संभव हो सका।

### हल्के-फुल्के अंदाज...

पर प्रधानमंत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा कि सत्र छोटा इसलिए रखा गया ताकि उनका गला खराब न हो-सूत्रों के अनुसार यह टिप्पणी यादव की तेज-तर्रार बहसों की ओर इशारा थी, जिस पर सभी हँस पड़े।

### खड़गे ने चाय पार्टी में...

कई विपक्षी नेताओं ने बहिष्कार किया था। उस समय विपक्ष ने स्पीकर पर सदन में बोलने का पर्याप्त अवसर न देने का आरोप लगाया था, जिस पर प्रधानमंत्री ने भी आलोचना की थी। इस बार सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निर्णय लिया कि सभी विपक्षी सांसद चाय पार्टी में शामिल होंगे, क्योंकि शीतकालीन सत्र के दौरान अध्यक्ष का रवैया विपक्ष के प्रति अपेक्षाकृत ठीक रहा है।

# कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद बीपीएमएस के शिविर में उमड़े लोग

- 185 मरीजों की ओपीडी, 45 का होगा नेत्र ऑपरेशन
- 64 मरीजों की ओरल जांच की गई



**नई दिल्ली।** प्रमुख समाजसेवी चम्पा लाल लोहिया की स्मृति में श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आज आयोजित भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 34 वें निःशुल्क नेत्र व चिकित्सा कैंप में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद भारी संख्या में मरीज जांच करवाने के लिए आए। कुल 185 मरीजों की ओपीडी हुई। इनमें से 45 मरीजों का नेत्र ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। 64 मरीजों की ओरल जांच हुई। बीपीएमएस के वरिष्ठ पदाधिकारी (संयुक्त सचिव) संजय गुप्ता ने बताया कि आंखों की मुफ्त जांच व सर्जरी इंदिरा गांधी आई हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गुरुग्राम के वरिष्ठ एवं दक्ष डाक्टरों की टीम द्वारा की गई। मेडिकल कैंप में मरीजों की स्वास्थ्य जांच राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के विख्यात चिकित्सकों ने की। उन्होंने मरीजों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिविर में आए हर मरीज की जांच व ट्रीटमेंट अवश्य होगी, चाहे जितना भी समय लग जाए। संजय गुप्ता ने बताया कि 'मिशन नेत्र ज्योति' एवं 'सब स्वस्थ रहे- सुखी रहें' अभियान की अलख जगाने वाली उत्तर भारत की प्रमुख संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ हर गरीब व जरूरतमंद मरीज को उच्च स्तरीय चिकित्सा निःशुल्क देने के लिए कृतसंकल्प है। दिल्ली व अन्य शहरों में बसने वाले भिवानी के लोग अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलते।

### सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# नए साल पर रांची को 'रवींद्र भवन' का तोहफा

एजेंसी ▶▶| रांची

टाउन हाल की पहचान अब रवींद्र भवन के रूप में होगी। समाहरणालय के पास कचहरी रोड पर झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (जुडको) द्वारा बनाया जा रहा रवींद्र भवन का काम लगभग पूरा हो गया है। इस रवींद्र भवन की खास बात यह है कि 155 करोड़ की योजना 244 करोड़ तक पहुंच गई और अंत में 292,26,10,809 रुपए से ऊपर चली गई।

छह दिसंबर को नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार ने इसका निरीक्षण किया था। माना जा रहा है इसका संचालन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर किया जाना है लेकिन अभी कुछ तय नहीं है।


### तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने किया था शिलान्यास




2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने शिलान्यास किया था। निर्माण का काम 2017 में शुरू हुआ और दो साल यानी 2019 तक बन जाना चाहिए था। बाद में कई कारणों से दो साल तक काम बंद रहा। इसके बाद मंत्रिपरिषद ने रवींद्र भवन के लिए 292.26 करोड़ रुपए के पुनरीक्षित प्राक्कलन को मंजूरी दी। इसके बाद काम शुरू हुआ।

### सांस्कृतिक पहचान को नया रूप

शहर में ऐसा कोई सांस्कृतिक केंद्र नहीं है। शहर के बीच में इसके बनने से सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। यहां के कलाकारों को भी कार्यक्रम करने में आसानी होगी। पार्किंग की सुविधा भी है। शहर के सांस्कृतिक वातावरण के निर्माण में भी इसकी अहम भूमिका होगी।




## वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style



## राधिका
## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

### हॉलीवुड मसाला



## धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



## कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



## हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



## वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

### टीवी मसाला



## 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




## सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

## 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

### अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

## अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

‘डंकी रूट’ सिंडिकेट के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

# करीब 5 करोड़ नगद, 313 किलो चांदी और 7 करोड़ का सोना बरामद

ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के तहत चल रही जांच का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में अमेरिका से 330 भारतीयों के डिपोर्टेशन से जुड़ी है। छापे के दौरान दिल्ली स्थित एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से ईडी को बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती धातुएं मिलीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ‘डंकी रूट’ सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जालंधर जोनल ऑफिस की टीम ने शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक साथ 13 व्यावसायिक और आवासीय ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के तहत चल रही जांच का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में अमेरिका से 330 भारतीयों के डिपोर्टेशन से जुड़ी है। छापे के दौरान दिल्ली स्थित एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से ईडी को बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती धातुएं मिलीं। 4.62 करोड़ नकद, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने के बिस्किट बरामद किए गए हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत 19.13 करोड़ बताई जा रही है। इसके अलावा मोबाइल चैट और डिजिटल सबूत बरामद हुए, जिनमें डंकी रूट के अन्य सदस्यों से टिकट, रूट और पैसे की डील की बातचीत दर्ज है।

मोबाइल चैट डिजिटल सबूत बरामद हुए डंकी रूट की बातचीत दर्ज

सभी डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच की जा रही

### हरियाणा में 5 वीजा एजेंटों के घर छापा


ईडी द्वारा जब्त किए गए 5 करोड़ रुपए

चंडीगढ़ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा, पानीपत के गांव अहर-कुराना और करनाल के निसिंग में पांच एजेंटों के घर छापामारी की। पानीपत का एजेंट बलवान अहर भाजपा नेता है व 2005 में नौल्था विस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुका है। मतलौडा थाने में विदेश भेजने में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। उधर, दूसरा एजेंट प्रवीण पंचायत विभाग में खेल कोटे से नियुक्त ग्राम सचिव है व करनाल जिले में पोस्टिंग है। कुराना के प्रदीप के घर भी ईडी टीम पहुंची। प्रवीण व प्रदीप दोनों पार्टनर हैं। पांचों जगह ईडी की टीमें गुरुवार सुबह आठ बजे पहुंच गईं थीं।

### जमीन के कागजात गिरवी रखवाते थे

हरियाणा के एक प्रमुख एजेंट के ठिकाने से ऐसे रिकॉर्ड मिले, जिनसे पता चला कि वह लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भेजने के लिए उनकी प्रॉपर्टी या जमीन के कागजात गिरवी रखवाता था। इससे पैसा पक्का रहता और कोई भाग नहीं सकता। बाकी जगहों से मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य संदिग्ध सामान बरामद हुए, जो पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में मदद करेंगे। ईडी अब इन सभी डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कर रही है। यह जांच पंजाब और हरियाणा पुलिस की एफआईआर पर आधारित है, जिसमें ट्रैवल एजेंट्स, बिचौलियों और हवाला ऑपरेटर्स का जाल शामिल है।


जब्त 313 किलो चांदी और 7 करोड़

### पांच माह पहले भी की थी कार्रवाई

करीब पांच महीने पहले भी ईडी ने पिहोवा व इस्माईलाबाद में दो एजेंटों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। पिहोवा के वीजा एजेंट विशाल चावला के माडल टाउन स्थित घर पर आठ बजे ईडी की टीम पहुंची। वीजा एजेंट का नेटवर्क हरियाणा-पंजाब व हिमाचल प्रदेश तक है। ईडी को शक है विशाल ने डंकी रूट से लोगों को कई देशों में अवैध रूप से भेजा व करोड़ों रुपए वसूले। वीजा एजेंट विशाल के फरार होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

### क्या है डंकी रूट?

‘डंकी रूट’ लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध तरीके से देश पार कराने का तरीका है, जिसमें दक्षिण अमेरिकी देशों से मेक्सिको होते हुए अमेरिका की सीमा पार की जाती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली प्रदूषण दूर करने का बीजिंग तरीका



**नई दिल्ली।** चीन की राजधानी बीजिंग में 2007 में वायु प्रदूषण शुरू हुआ, और 2011 तक हालात दिल्ली से भी ज्यादा खराब हो गए थे। जिसके बाद कई उपाय अपनाए गए। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर लिखा कि यह अंतर पिछले दस सालों में चीन की लगातार कोशिशों का नतीजा है। हम एक छोटी सी सीरीज शेयर करेंगे जिसमें बताया जाएगा कि चीन ने एयर पॉल्यूशन से कैसे निपटा है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। कई यूजर्स ने इसका स्वागत किया।

### ईडी ने किंगफिशर को लौटाए 312 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व कर्मचारियों को लंबे समय से बकाया रकम के तौर पर 312 करोड़ लौटा दिए हैं। चेन्नई के डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल द्वारा रेस्टिट्यूशन को मंजूरी मिलने के बाद यह रकम ऑफिशियल लिक्विडेटर को किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व कर्मचारियों को बांटने के लिए ट्रांसफर कर दी गई। ट्रिब्यूनल ने उन शेयरों की बिक्री से मिले फंड को जारी करने का निर्देश दिया था, जिन्हें पहले ईडी ने एसबीआई को वापस कर दिया था।

### नोएडा के स्कूलों में बम की सूचना से हड़कंप



**नोएडा।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल प्राप्त हुईं। इस सूचना के तुरंत बाद, पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर स्कूलों और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया। गहन जांच और तलाशी के बाद, पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि स्कूलों को प्राप्त हुई धमकी भरी ई-मेल्स झूठी थीं। हालांकि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने संसदीय समिति के सामने कबूला सच, 65 हजार से ज्यादा लोगों को विदेश जाने से रोका

# हज या उमराह के नाम पर भीख मांग रहे 56 हजार पाकिस्तानियों को सऊदी अरब ने बाहर निकाला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हज या उमराह जैसी इस्लाम की पवित्र धार्मिक यात्राओं के नाम पर विदेशों में जाकर भीख मांगने की इच्छा रखने वाले पाकिस्तानियों के लिए सऊदी अरब से एक बुरी खबर सामने आई है। जिसमें सऊदी सरकार ने उनके देश में भीख मांग रहे 56 हजार पाकिस्तान के लोगों को न केवल इंटरनेशनल बेइज्जती करते हुए वापस भेज दिया है। बल्कि पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि वो अपने देशों के लोगों को हज-उमराह वीजा का दुरुपयोग करने से रोके। जिससे वे मक्का-मदीना जैसे पवित्र शहरों में भीख मांगने के लिए न आ सकें।

भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश के लिए ये मामला इसलिए भी और गंभीर हो गया है। क्योंकि सऊदी अरब के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र के अन्य देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी ऐसे ही एक मामले की वजह से करीब 6 हजार पाकिस्तानियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। साथ ही उन्होंने पिछले नवंबर महीने में पाकिस्तानी के लोगों को दिए जाने वाले वीजा की संख्या भी घटा दी है। इसके पीछे उनका कहना है कि यूएई के वीजा पर देश में आकर यह ज्यादातर लोग आपराधिक गतिविधियों से लेकर भीख मांगने में लिप्त रहते हैं। यूरोप में भी पाकिस्तान के लोगों की कमोबेश यही स्थिति है।



### एक बार विदेश गए तो कभी नहीं लौटे

एफआईए महानिदेशक के मुताबिक, सऊदी अरब के अलावा दुनिया के बाकी देशों की स्थिति पर नजर दौड़ाएं तो कुछ में पाकिस्तान के नागरिक एक बार जाने के बाद फिर कभी वापस नहीं लौटे। मिसाल के तौर पर बीते वक्त में अजरबैजान ने भी लगभग 2 हजार 500 भिखारियों को भी अपने देश से चलता किया है। 2025 में ही 24 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी लोग कंबोडिया गए थे। जिनमें से आधे यानी 12 हजार अभी तक वापस नहीं लौटे हैं। इसके अलावा पर्यटक वीजा पर 4 हजार लोगों ने म्यांमार का रुख किया था। जिनमें आधे से अधिक 2 हजार 500 की अब तक स्वदेश वापसी नहीं हुई है। उन्होंने माना कि अवैध प्रवास और भीख मंगाने से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि को काफी नुकसान पहुंचा है। सऊदी अरब के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने बीते वर्ष 2024 में पाकिस्तान को चेताया था कि अगर उसने हालात पर काबू नहीं पाया तो इसका नकारात्मक प्रभाव उसके उमराह और हज वीजा पर पड़ेगा। क्योंकि हमारे देश में मक्का, मदीना जैसे पवित्र शहरों में भिखारियों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई है। जिसमें बड़ी तादाद में पाकिस्तान के लोग भी शामिल हैं।

### एफआईए ने पाक संसद में बताई सच्चाई

इन सबके बीच पाकिस्तान की फेडरल जांच एजेंसी (एफआईए) के महानिदेशक रिफत मुख्तार रजा ने नेशनल असेंबली (संसद) की विदेश मामलों की एक संसदीय स्थायी समिति की बैठक में उक्त मामले पर सच्चाई को स्वीकार करते हुए बताया कि मौजूदा साल 2025 में 66 हजार 154 लोगों को देश के अलग-अलग हवाईअड्डों से उतारा गया है। इनमें से कुछ यूरोपीय देशों की ओर तो बाकी सऊदी अरब जाने की कोशिश कर रहे थे। जांच एजेंसियों की पूछताछ में यूरोप जाने वालों के पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे। जबकि सऊदी अरब जाने के पीछे उनका तर्क उमराह यात्रा करने का था। सऊदी अरब द्वारा वापस भेजे गए 56 हजार लोग संगठित रूप से भीख मांगने का काम कर रहे थे। वहीं, पाकिस्तान की एजेंसियों ने जिन 66 हजार से अधिक लोगों को विदेश जाने से रोका है। उसके पीछे मानव तस्करी पर प्रतिबंध लगाने और भीख मांगने की गतिविधियों के लिए विदेश जाने की समस्या पर काबू पाने की कवायद शामिल है। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान ने अपने कई नागरिकों को एग्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) और नो फ्लाई लिस्ट में भी डाला है। गौरतलब है कि पाक की संसद में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों की जानकारी वहां प्रकाशित हुई हालिया मीडिया रिपोर्ट के हवाले से मिली है।

दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठक से मिली यह जानकारी

# आतंकवाद से मुकाबले के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत भारत-नीदरलैंड



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुश्किल दौर में शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वेन वील के एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जारी प्रमुख गतिविधियों, यूक्रेन, दक्षिण-एशिया-पश्चिम-एशिया और मध्य एशिया के हालातों के साथ-साथ कई अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। नीदरलैंड के विदेश मंत्री की यह भारत यात्रा बीते 17 से 19 दिसंबर तक हुई। जिसमें उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस.जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने नोएडा स्थित अपने देश की सेमीकंडक्टर कंपनी एनएक्सपी का दौरा भी किया। विदेश मंत्री के निमंत्रण पर नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा की। जयशंकर ने कहा कि हम भारत- यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों और मुक्त व्यापार समझौते के समापन के लिए नीदरलैंड के समर्थन की सराहना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### आतंकवाद किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं: भारत

बैठक में नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने राजधानी दिल्ली में बीते वक्त में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट की हैं। इसके अलावा दोनों पक्षों ने आतंकवाद की उसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों की सख्त अंदाज में निंदा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इस वैश्विक चुनौती से मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को व्यापक और सतत रूप से मजबूत बनाने की आवश्यकता है। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई मौजूदा शून्य सहिष्णुता की नीति को भी मजबूती के साथ दोहराया।

### व्यापार-निवेश को बढ़ावा मिलेगा

मंत्रालय ने बताया कि नीदरलैंड के विदेश मंत्री की यह भारत यात्रा जहां एक ओर दोनों देशों के बीच निरंतर आधार पर किए जाने वाले उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान को प्रदर्शित करती है। साथ ही ये भारत-नीदरलैंड के बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को भी और अधिक मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। दोनों की परंपरागत भागीदारी खासतौर पर व्यापार और निवेश, डब्ल्यूएच क्षेत्र तथा आमजन के बीच संबंधों जैसे कई क्षेत्रों में सराहनीय रूप से गहरी हुई है। दोनों विदेश मंत्रियों ने अपनी वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा करने के साथ ही हालिया वर्षों में भागीदारी में हुई उल्लेखनीय प्रगति के तहत संबंधों के सामरिक पक्ष को मजबूती प्रदान करने पर सहमति जताई है।

### एआई सम्मेलन में होगी नीदरलैंड की भागीदारी

*बैठक में भारतीय पक्ष ने अगले साल फरवरी महीने में नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले एआई सम्मेलन में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कॉफ का स्वागत करने की प्रतीक्षा करने का जिक्र किया। वहीं, डच पक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीदरलैंड की आधिकारिक यात्रा के लिए निमंत्रण दिया है। जिससे द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों ने साझेदारी से जुड़े हुए नए और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने पर सहमति दी होंगे। जिसमें सेमीकंडक्टर, रक्षा, डिजिटल, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, शिक्षा, मोबिलिटी मुख्य हैं। उन्होंने सेमीकंडक्टर और उससे संबंधित उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए एमओयू का स्वागत किया। व्यापार, आर्थिक संबंधों को साझेदारी का दोनों ने एक प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि संयुक्त व्यापार-निवेश समिति की मदद से इस क्षेत्र में संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान की जा सकेगी। डिजिटल और साइबर स्पेस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के इरादे से संयुक्त घोषणापत्र को लेकर भी दोनों पक्षों ने प्रसन्नता के साथ संतुष्टि जाहिर की है।*

यूरोपीय संघ मदद के लिए तैयार

## यूक्रेन को 106 अरब डॉलर का ब्याज मुक्त ऋण देने पर सहमति

एजेंसी ▸▸ ब्रसेल्स

यूरोपीय संघ के नेताओं ने शुक्रवार को यूक्रेन को अगले दो वर्षों में उसकी सैन्य और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक बड़ा ब्याज-मुक्त ऋण देने पर सहमति जताई। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने कोस्टा ने सोशल मीडिया ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि ईयू और यूक्रेन के बीच समझौता हो गया है। 2026-27 के लिए यूक्रेन को 106 अरब डॉलर की सहायता देने का निर्णय मंजूर कर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह धनराशि किस तरह जुटाई जाएगी। यूरोपीय संघ के नेता गुरुवार देर रात तक बातचीत करते रहे ताकि बेल्जियम को यह भरोसा दिलाया जा सके कि यदि वह यूक्रेन के लिए इस ऋण का समर्थन करता है।


एंटोनियो कोस्टा (बाएं), जेलेंस्की

गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामला

## लूथरा ब्रदर्स ने जेल में फर्श पर बिना पंखे के बिताई रात, सादा खाना खाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गोवा के अरपोरा में ‘बिर्च बाय रोमियो लेन’ के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ने बुधवार रात अंजुना जेल में बिना पंखे के बिताई। जेल में दोनों भाइयों ने सादा खाना चावल-दाल खाया। अपनी पहली रात बिना किसी चटाई या कंबल के फर्श पर सोकर बिताई।

उन्हें सोमवार तक पुलिस जेल में ही में रखा जाएगा। गोवा पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों से पूछताछ शुरू कर दी है। लूथरा ब्रदर्स से उनके साथियों की भूमिका, फैसले लेने की प्रक्रिया, फाइनेंशियल मामलों, इवेंट की परमिशन और दूसरे पार्टनर, मैनेजर और ऑर्गनाइजर की भागीदारी के बारे में 80 से ज्यादा सवाल पूछे गए।


गौरव (बाएं) और सौरभ लूथरा

### ‘ऑपरेशन बंधु’ के तहत श्रीलंका को मदद



**जाफना।** बीतीं दिनों आए चक्रवाती तूफान दितवाह से श्रीलंका में बहुत नुकसान पहुंचा है। भारत सरकार ‘ऑपरेशन बंधु’ के तहत श्रीलंका को राहत सामग्री देने से लेकर मूलभूत सुविधाएं बहाल करने में निरंतर मदद कर रही है। भारतीय सेना की इंजीनियर टास्क फोर्स ने श्रीलंका के जाफना क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को बहाल करने के लिए एक महत्वपूर्ण 120-फुट लंबे डुअल कैरिजवे बेली ब्रिज को लॉन्च करना शुरू कर दिया है।

गृह मंत्री शाह का ऐलान

# देश के बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बनेगा ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जहाजों और बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी (बीओपीएस) के गठन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अमित शाह ने देशभर के बंदरगाहों के लिए एक मजबूत और प्रभावी सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सुरक्षा उपायों को व्यापार क्षमता, भौगोलिक स्थिति और अन्य संबंधित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए जोखिम-आधारित और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए। बीओपीएस का गठन हाल ही में अधिनियमित मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया जाएगा।


बीओपीएस के गठन को लेकर समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह

### साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

बीओपीएस का गठन नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की तर्ज पर किया जा रहा है। इसका नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी (वेतन स्तर-15) द्वारा किया जाएगा। एक वर्ष की संक्रमण अवधि के दौरान, नौवहन महानिदेशक डीजीएस/डीजीएमए) बीओपीएस के महानिदेशक के रूप में कार्य करेंगे। बीओपीएस सुरक्षा से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध विश्लेषण, संग्रहण और आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा, जिसमें साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बंदरगाहों की आईटी अवसंरचना को डिजिटल खतरों से सुरक्षित रखने के लिए एक प्रभाग भी शामिल होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा कानून एनडीएए पर किए हस्ताक्षर

# इंडो-पैसिफिक के तहत भारत-यूएस रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पर हस्ताक्षर किए। यह एक बड़ा रक्षा कानून है, जिसमें वाशिंगटन की इंडो-पैसिफिक पॉलिसी के हिस्से के तौर पर भारत के साथ अमेरिकी सैन्य सहयोग बढ़ाने और क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने की बात कही गई है। यह कानून राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च के लिए 890 बिलियन डॉलर की मंजूरी देता है। यह अमेरिका को भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का निर्देश देता है, जिसमें क्वाड सुरक्षा संवाद के जरिए एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देना शामिल है। ट्रंप ने इस कानून पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इससे उनके ‘युद्ध विभाग’ को ताकत के जरिए शांति की नीति पर काम करने में मदद मिलेगी।

कानून अमेरिका की रक्षा नीति और खर्च की प्राथमिकताएं तय करेगा

कानून में क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने का पर दिया जोर

### भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ेगा


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

इस कानून में भारत के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने, मिलिट्री अभ्यासों में ज्यादा भागीदारी, रक्षा व्यापार बढ़ाने और मानवीय सहायता और आपदा राहत पर ज्यादा करीबी सहयोग की बात कही गई है। इसमें समुद्री सुरक्षा को भी अमेरिका-भारत सहयोग के लिए एक खास क्षेत्र के तौर पर पहचाना गया है। स्टेट डिपार्टमेंट को कानून बनने के 180 दिनों के अंदर कांग्रेस को रिपोर्ट देनी होगी और उसके बाद 5 साल तक हर साल रिपोर्ट देनी होगी। जिसमें भारत और रूस के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग और रिश्तों की स्थिति बतानी होगी।

### भारत के साथ परमाणु सहयोग को शामिल किया

यह एनडीएए कानून 60 साल से ज्यादा समय से हर साल पास होता है। यह अमेरिका की रक्षा नीति और खर्च की प्राथमिकताएं तय करता है। इस बार के वित्त वर्ष 2026 कानून में भारत के साथ बढ़ता सैन्य, परमाणु और क्षेत्रीय सहयोग को औपचारिक रूप से अमेरिकी रक्षा कानून का हिस्सा बनाया गया है।

चिंतन

# अराजकता और धर्मांधता की आग में झुलस रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश पिछले करीब डेढ़ साल से अराजकता और धर्मांधता की आग में गंभीर रूप से झुलस रहा है। इन दिनों में शायद ही कोई ऐसा महीना होगा, जब यहां हिंसा ना भड़की हो। शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद देश में शांति लाने का वादा करने वाली मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही। हसीना सरकार के विरोध में हिंसक आंदोलन चलाने वाले छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर आग भड़क गई। इस दौरान ढाका के पास भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका कर आग लगा दी गई। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। उपद्रवियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में भी घुसकर तोड़फोड़ और आग लगा दी। भारतीय राजनयिक परिसरों और उनके घरों पर हमले किए गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में तोड़फोड़ की गई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। भारत के पड़ोस में धधकती यह अराजकता की आग लगाातर चुनौती बढ़ा रही है। देशभर में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां इस समय एक अलग ही किस्म का पागलपन भी चल रहा है। इस पागलपन के तहत बांग्लादेश में एक वीडियो वायरल है, जिसमें 'सिराजुद्दौला साम्राज्य' की फिर से स्थापना का ख्वाब दिखाया जा रहा है, जिसमें भारत के कई हिस्से शामिल हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सांप्रदायिक संक्रमण की ओर बढ़ रहा है या फिर सुनियोजित अस्थिरता के जाल में फंसता जा रहा है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस असल में मोहम्मद अली जिन्ना की विचारधारा पर चल रहे हैं और उन्होंने बांग्लादेश में पाकिस्तान मॉडल लागू कर दिया। यह भारत के लिए भी चिंतनीय है। बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने कई बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती होगी। भारत की चिंता यह भी है कि बांग्लादेश चीन की रीजनल कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल हो सकता है। चीन ने 370 मिलियन डॉलर का इस्तेमाल करके इसके मोंगला बंदरगाह का विस्तार किया है। इसके चलते भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए खुलना-मोंगला रेलवे लाइन में निवेश किया है। बहरहाल, बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे भारत को सिर्फ कूटनीतिक संकट का ही सामना नहीं करना पड़ रहा है, इसकी वजह से भारत की आतंरिक सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार भारत-विरोधी ताकतों, खासकर पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई है। वहां पाकिस्तानी सेना के माध्यम से आईएसआई की गतिविधियां बढ़ गई हैं। ऐसे समय में भारत को बड़ी सजगता के साथ काम करना होगा।



संसद सत्र


डॉ. पवन कुमार शर्मा

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया।

# 'जी राम जी' पर जीत, प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। 1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारू रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही। शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार लोकसभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया।

लोक सभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए। 8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम् पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई औऱ इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (जी राम जी बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। शीत सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोक सभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा। लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है। सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसे क्लीन-एनर्जी भविष्य के साथ ही 2070 तक नेट जीरो इमिशन और 2047 तक देश की न्यूक्लियर ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावॉट तक बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दौरान टैक्स और जीएसटी से जुड़े बिल भी पास हुए। इनमें सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल शामिल हैं। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 पास हुआ जो राज्य स्तर पर जीएसटी कानून को राष्ट्रीय ढांचे से जोड़ता है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, चुनाव सुधार एवं राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों ने भी पूरे सत्र के दौरान सुर्खियां बटोरीं। जुलाई-अगस्त 2025 में, संसद का मॉनसून सत्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इलेक्टोरल रोल्स विवाद के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया था। शीत सत्र के दौरान भी विपक्ष ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स पर रोल रिवीजन के नाम पर दबाव डाला जा रहा है जिसके चलते वे सुसाइड कर रहे हैं।

दोनों सदनों में नारे, वॉकआउट और स्थगन हुए। शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर दोनों सदनों में घंटों चर्चा के बावजूद यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की वजह से इस पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह चर्चा नियम 193 के तहत होनी थी। इस नियम के तहत बिना मतदान की शॉर्ट डिस्कशन का प्रावधान है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष की तरफ से संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कुछ सांसदों ने मास्क पहनकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भी उत्पादकता के हिसाब से अच्छा कामकाज हुआ। राज्यसभा का यह 269वां सत्र था। राज्यसभा में कुल 92 घंटे संसदीय कार्यवाही चली और प्रोडक्टिविटी 121 फीसदी रही।

अपने समापन संबोधन में सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में कई उल्लेखनीय काम हुए, जिनमें प्रतिदिन औसतन 84 से अधिक शून्यकाल नोटिसों का अभूतपूर्व आंकड़ा शामिल है जो कि पिछले दो सत्रों की तुलना में 30.1 प्रतिशत ज्यादा है। शून्यकाल के दौरान प्रतिदिन 15 से अधिक मामले उठाए गए, जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सरकार का दबदबा स्पष्ट दिखा लेकिन विपक्ष ने भी अपनी आवाज मजबूती से बुलंद की। समग्र रूप से संसद का शीतकालीन सत्र 2025 एक सफल, उत्पादक और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला सत्र सिद्ध हुआ है। संसद सदस्यों ने जहां अपनी विधायी और संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया, वहीं प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर यह सत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सक्रियता और मजबूती का सशक्त प्रमाण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

श्रद्धांजलि

सुनील कुमार महला



# पत्थरों को प्राण देने वाले मशहूर कलाकार का अंत

पत्थरों में जान फूंकने वाले, आधुनिक भारत के सबसे प्रभावशाली और मशहूर भारतीय मूर्तिकार पद्मश्री राम वनजी सुतार का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 17 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि को नोएडा स्थित अपने निवास पर आखिरी सांस ली। कम ही लोग जानते होंगे कि राम सुतार ने न केवल भारत, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, बल्कि अमेरिका, फ्रांस,रूस सहित कई देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएं स्थापित करके भारत का नाम रोशन किया है। वे ऐसे महान कलाकार थे जो कभी भी अंतरराष्ट्रीय प्रचार के पीछे नहीं भागे। उनका मानना है-'कला बोलती है, कलाकार नहीं।' उनकी रचनात्मकता के लिए उन्हें पद्म विभूषण भी प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उनके बेटे अनिल सुतार भी मूर्तिकार हैं और कई बड़े प्रोजेक्ट्स में पिता के साथ काम कर चुके हैं और यह विरासत आधुनिक भारत में दुर्लभ है। उन्होंने कभी अतिशयोक्तिपूर्ण या अमूर्त शैली को नहीं अपनाया। उनके अनुसार, 'इतिहास के व्यक्तित्व को जनता उसी रूप में देखना चाहती है, जैसे वह था।' उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई है, जो गुजरात में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा है, जिसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी कहा जाता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि राम सुतार ने सरदार पटेल की सबसे अधिक मूर्तियां बनाई हैं। इतनी कि उन्हें 'पटेल का आधिकारिक शिल्पकार' भी कहा जाता है। सच तो यह है कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' उनके जीवन का शिखर कार्य है। राम सुतार का जन्म महाराष्ट्र के गोंडूर गांव में एक



साधारण,गरीब कारीगर (सुतार) परिवार में 19 फ़रवरी 1925 को हुआ था। बचपन में उन्होंने लकड़ी पर नक्काशी का काम पारिवारिक परंपरा से सीखा-यहीं से मूर्तिकला की नींव पड़ी। उन्होंने जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई से पढ़ाई की, लेकिन उनकी कला में शुद्ध अकादमिक शैली के साथ भारतीय लोक और ग्रामीण संवेदना भी साफ दिखती है। राम सुतार ने अपने करियर में कई प्रसिद्ध मूर्तियां बनाई है, जिनमें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के अलावा महात्मा गांधी, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, छत्रपति संभाजी महाराज, भगवान शिव और अनेक प्रतिमाएं शामिल हैं। राम सुतार ने महात्मा गांधी की 350 से अधिक मूर्तियां बनाईं हैं, जो दुनिया भर में स्थापित है। बेंगलूरु में स्थित भगवान शिव की 153 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक मानी जाती है। इसी प्रकार से मोशी, पुणे में स्थित छत्रपति संभाजी महाराज की 100 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक है। भारत और विदेशों में उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहुत सी कृतियां बनाईं हैं। विभिन्न राष्ट्रीय स्थलों पर उनकी बनाई इंदिरा गांधी की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर स्थापित विशाल वीणा भी उनकी कला का अनुपम उदाहरण है। उनकी प्रतिभा को उनके गुरु रामकृष्ण जोशी ने पहचाना और उन्हें मुंबई के प्रतिष्ठित जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया। यही से उनकी मूर्तिकला की यात्रा शुरू हुई, जो आगे चलकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति तक ले गई। गौरतलब यह भी है कि वे इस स्कूल ऑफ आर्ट (जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स) से अपने समय में स्वर्ण पदक विजेता थे। वे 1959 में महाराष्ट्र से दिल्ली आ गये थे। दिल्ली आकर उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय में नौकरी भी की लेकिन कला के प्रति गहरे समर्पण के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया था। विख्यात मूर्तिकार राम सुतार को पिछले महीने ही महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया था और उन्हें सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार उनके नोएडा में सेक्टर-19 स्थित घर पहुंची थी। देश के सबसे प्रतिष्ठित और अनुभवी मूर्तिकार राम वनजी सुतार का निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ऐसे महान व बड़े मूर्तिकार को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके कार्य में अद्भुत सहजता और उच्च कोटि की निपुणता स्पष्ट झलकती है। उन्होंने ऐसी मूर्तियाँ गढ़ी हैं, जो यथार्थ की सीमाओं को छूती प्रतीत होती हैं। उनके लिए मूर्तिकला मात्र कला नहीं, बल्कि गहन विज्ञान का समन्वय है; यही कारण है कि उनके द्वारा रचित शिल्प आकार ही नहीं, भाव, ऊर्जा और चेतना के स्तर पर भी पूर्णतः सजीव दिखाई देते हैं। राम सुतार आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन दुनिया के करीब पांच सौ शहरों में उनके द्वारा निर्मित प्रतिमाएं उनकी याद दिला रही हैं। ऐसे में, भारत ही नहीं, अनेक देशों में लोग उन्हें भुला न पाएंगे। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनकी कला और परंपरा को आगे बढ़ाया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित

दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित

प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़या थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दुःखद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। **-संकेत अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण बदलाव



भारत के रूपांतरण हेतु सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास (शांति) विधेयक, 2025 का संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना भारत की प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### फ्लाईओवर का लोकार्पण



जब विकास की सोच वाली डबल इंजन की सरकार आती है तो विकास भी उतनी ही तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। आज गोरखपुर में अत्याधुनिक रेलवे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विरासत का संरक्षण



असम के लिए महाराजा कुमार भास्कर वर्मा का योगदान अतुलनीय है। संस्थानों, बुनियादी ढाँचे और प्रतिमाओं के माध्यम से उन्हें सम्मानित करके, हम अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियाँ गौरव, प्रेरणा और एक सशक्त पहचान की भावना प्राप्त कर सकें।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भारत की असली ताक़त



दरगाह हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रह.) अजमेर शरीफ़ की तालीम "मोहब्बत सबके लिए, नफ़रत किसी से नहीं", आज के दौर में और भी ज़्यादा प्रासंगिक है। भाईचारा, लोकतंत्र और संविधान की हिफ़ाज़त ही भारत की असली ताक़त है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### भारत पर पाक का सिंधु जल संधि कमजोर करने का आरोप



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को लगातार कमजोर कर रहा है और इस तरह का उल्लंघन समझौते के मूल सिद्धांतों पर प्रहार है। डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। वह पाकिस्तान द्वारा चिनाब नदी के प्रवाह में बदलाव के संबंध में भारत से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने इस वर्ष अप्रैल में भारत की ओर से सिंधु जल संधि से एकतरफा रूप से हटने की कार्रवाई देखी... लेकिन अब हम भारत द्वारा किए जा रहे ऐसे गंभीर उल्लंघन देख रहे हैं, जो सिंधु जल संधि के मूल सिद्धांतों पर प्रहार करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून की पवित्रता दोनों के लिए गंभीर परिणाम वाले हैं।" इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय किए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को ''स्थगित'' करना भी शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती रही है।

## ऑफ बीट

### भांग की सूक्ष्म खुराक से अल्जाइमर रोकने में मदद



विश्व भर में जैसे-जैसे बुजुर्ग आबादी रही है, उसके साथ ही अल्ज़ाइमर रोग जैसी मनोभ्रंश (डिमेंशिया) समस्याओं से पीड़ित लोगों की तादात भी बढ़ रही है। इस समस्या के लिए सीमित उपचार और उपलब्ध दवाओं की सीमित प्रभावशीलता को देखते हुए, नए उपचारात्मक तरीकों में रुचि बढ़ रही है। इन तरीकों में भांग (कैनाबिस) के पौधे से प्राप्त कैनाबिनॉयड्स भी शामिल हैं। कैनाबिनॉयड्स का मतलब है भांग (कैनाबिस) के पौधे में पाए जाने वाले या कृत्रिम रूप से बनाए गए ऐसे रासायनिक यौगिक, जो शरीर के एंडोकैनाबिनॉयड तंत्र पर असर डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ़ अल्ज़ाइमर्स डिज़ीज़ में प्रकाशित ब्राजील के एक नए छोटे अध्ययन में हल्के अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित मरीजों पर भांग के सत की सूक्ष्म खुराकों के प्रभावों की जांच की गई। परिणामों में भांग से जुड़ा "नशा" पैदा किए बिना सकारात्मक प्रभाव पाए गए। इसमें भांग के सत से तैयार एक तेल के दैनिक उपयोग के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें टीएचसी और सीबीडी समान अनुपात में तथा अत्यंत कम सांद्रता में (प्रत्येक कैनाबिनॉयड 0.3 मिलीग्राम) मौजूद थे। ये उप-मन:प्रभावी खुराक पौधे के मौज-मस्ती के लिए किए जाने वाले उपयोग से जुड़े "नशे" का कारण नहीं बनतीं।

संसद में 8 विधेयक पारित, सत्र के 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें हुईं

# संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा, वीबी-जी राम जी बिल पर खूब हुआ सदन में हंगामा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र, शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें हुईं। सत्र के दौरान, लोकसभा में 10 विधेयक पेश किए गए और उनमें से 8 विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किए गए, साथ ही राज्यसभा द्वारा भी 8 विधेयक पारित किए गए। इस प्रकार संसद के दोनों सदनों द्वारा कुल 8 विधेयक पारित किए गए।

राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में 8 दिसंबर और राज्यसभा में 9, 10 और 11 दिसंबर 2025 को विशेष चर्चा आयोजित की गई। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चर्चा का शुभारंभ किया। इस चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा का शुभारंभ किया। 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन के नेता (राज्यसभा) के भाषण के साथ इसका समापन हुआ। इस चर्चा में सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला।

इसके अतिरिक्त, लोकसभा में 9 और 10 दिसंबर तथा राज्यसभा में 11, 15 और 16 दिसंबर 2025 को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने लोकसभा में चर्चा का समापन किया। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा में सदन के नेता ने चर्चा का समापन किया। चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया। सदन में यह चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली।

राष्ट्रपति द्वारा मानसून सत्र 2025 के बाद जारी किए गए अध्यादेश, मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (संख्या 2 वर्ष 2025) के स्थान पर एक विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में इस सत्र के दौरान विचार किया गया और उसे पारित किया गया।

छठे सत्र के दौरान लोक सभा की 15 बैठकें हुईं, जो 92 घंटे 25 मिनट तक चलीं। सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न गृहीत किए गए और 72 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। सत्र के दौरान कुल 3449 अतारांकित प्रश्न गृहीत किए गए।

शून्य काल के दौरान सदस्यों द्वारा कुल 408 अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए गए और नियम 377 के तहत कुल 372 मामलों पर विचार किया गया। 11 दिसंबर 2025 को सदन में शून्य काल के दौरान 150 सदस्यों ने अपने मामले उठाए।

सत्र के दौरान, निदेश 73क के तहत 35 वक्तव्य और नियम 372 के तहत दो वक्तव्य दिए गए और संसदीय कार्य मंत्री द्वारा एक वक्तव्य दिया गया। इस प्रकार, सत्र में कुल 38 वक्तव्य दिए गए।

## मन...रे...गा – जी राम जी, कांग्रेस ने आस्तीनें चढ़ाई, घेरेबंदी की तैयारी

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** कांग्रेस पार्टी ने गरीब और कमजोर वर्गों के लिए बेहद लाभदायक रहे मनरेगा कानून का नाम बदलकर इसको कथित रूप से खत्म किए जाने के प्रयास के खिलाफ आस्तीनें चढा ली हैं। मोदी सरकार की सियासी घेराबंदी तेज होगी। आगाकमी 27 तारीख को होने वाली पार्टी की कार्य समिति की बैठक में इसे लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा कानून खत्म किए जाने को हल्के में नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है, वह इससे पीछे हटने वाली नहीं है। कांग्रेस जनता को यह बताएगी कि किस तरह से उनका कानूनी हक छीना गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत- जी राम जी बिल की जानकारी केवल दो दिन पहले ही दी गई, यह किसी संसदीय समिति को नहीं भेजा गया, यहां तक कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा नहीं की गई। उन्होंने आगे कहा कि संसद में इस बिल पर चर्चा के लिए बहुत कम समय दिया गया और इसे जल्दबाजी में पारित कर मनरेगा कानून को खत्म कर दिया गया।

### सर्वदलीय बैठक में नए कानून के बारे में नहीं बताया

उन्होंने कहा कि 30 नवंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई औपचारिक सर्वदलीय बैठक के दौरान इस नए कानून के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा को कांग्रेस ने लंबी चर्चा के बाद लागू किया था, इसे लेकर जुलाई 2004 से लेकर अगस्त 2005 तक देश भर में चर्चा हुई थी। बिल को संसद की स्थाई समिति को भेजा गया था, जिसके अध्यक्ष भाजपा के बड़े नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बनाए गए। समिति ने इस पर सात-आठ महीने बहस की और लंबी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मनरेगा कानून बना।

### नए कानून में पंचायतों के अधिकार खत्म

उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी कानून बहुत ज्यादा केंद्रीकृत होगा, क्योंकि इस योजना के जरिए दिए जाने वाले काम एवं रोजगार पर राज्यों और पंचायतों का कोई नियंत्रण नहीं होगा, जबकि पहले पंचायतों को सारे अधिकार प्राप्त थे। उन्होंने कहा कि अब राज्यों पर पहले की अपेक्षा बहुत ज्यादा बोझ पड़ेगा, क्योंकि अब केंद्र सरकार केवल 60 प्रतिशत खर्च करेगी और 40 प्रतिशत राज्य सरकार को देना होगा। जबकि मनरेगा के तहत केंद्र सरकार को 90 प्रतिशत खर्च वहन करना होता था।

### कमजोर वर्गों का अधिकार छीना

उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म कर मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों का काम करने का अधिकार छीन लिया है। जयराम रमेश ने कहा ये सब एक रणनीति के तहत हुआ है, मोदी सरकार ने पहले सूचना के अधिकार, आरटीआई को निशाने पर लिया और अब मनरेगा को। उन्होंने आशंका जताई कि इसके बाद वन अधिकार कानून व भूमि अधिग्रहण को खत्म किया जा सकता है और आखिर में सरकार खाद्य सुरक्षा कानून को भी मिटा सकती है।

### प्रदूषण के मुद्दे पर बहस करने से भागी सरकार

जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर प्रदूषण के मुद्दे पर बहस से भागने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह समस्या न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि पूरे देश को प्रभावित कर रही है। उन्होंने बताया कि विपक्ष की मांग थी कि लोकसभा और राज्यसभा में वायु प्रदूषण पर चर्चा हो, लेकिन अचानक से सदन को अनिश्चित काल तक स्थगित कर दिया गया।

### आधुनिक भारत के संस्थापकों का अपमान किया

उन्होंने आरोप लगाया कि शीतकालीन सत्र के दौरान रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसे महान भारतीय नेताओं और आधुनिक भारत के संस्थापकों का अपमान किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सत्र सरकार द्वारा टैगोर के अपमान से शुरू हुआ और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अपमान पर खत्म हुआ।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में बाहरी निजी वाहनों पर ग्रीन सेस जल्द



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार 1 जनवरी से राज्य में बाहर से आने वाले निजी वाहनों पर 'ग्रीन सेस' वसूलने की व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की नाराजगी पर परीक्षण जारी है।

### जयपुर में 6.51 लाख के नकली नोट जब्त



**जयपुर।** क्राइम ब्रांच आयुक्तालय की सीएसटी टीम ने पुलिस थाना चित्रकूट क्षेत्र में जाली नोटों के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 लाख 51 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

### चाय और बिस्किट की आदत ने पहुंचाया जेल



**सूरत।** अक्सर कहा जाता है आरोपी कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ देता है। एक बार फिर यह बात सही साबित हुई है। पत्नी की हत्या कर कई सालों से फरार चल रहा एक आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी की गिरफ्तारी उसकी आदत हुई। उसे रोज सुबह चाय के साथ बिस्किट खाने का शौक था।

दिल्ली-एनसीआर में एक सप्ताह में वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार के निर्देश

## पर्यावरण मंत्री यादव ने दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण पर चौथी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

*दिल्ली-एनसीआर में अवैध रूप से टायर जलाने वाली इकाइयों और बिना अनुमति के प्रदूषण फैलाने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को सील करने के कड़े आदेश*

*राज्य कार्य योजनाओं की जनवरी 2026 से निरंतर मासिक मंत्रिस्तरीय समीक्षा होगी*



केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों और संबंधित नगर निकायों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। यह समीक्षा बैठकों की श्रृंखला में चौथी बैठक थी, जो 3 दिसंबर को आयोजित पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में और निर्धारित मापदंडों के आधार पर आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी उपस्थित थे। यादव ने दिल्ली-एनसीआर में खराब वायु गुणवत्ता की लगातार बनी हुई समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अभी तैयार की जा रही कार्य योजनाओं की समीक्षा जनवरी 2026 से हर महीने मंत्री स्तर पर की जाएगी। राज्य सरकारों से कहा गया कि वे सभी एनसीआर शहरों की भविष्य में प्रस्तुत की जाने वाली कार्य योजनाओं को अपने अधिकार क्षेत्र में एकीकृत करें।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें

उन्होंने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकारों और नगर निकायों के किए गए उपायों पर अलग-अलग प्रस्तुतियों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन कार्रवाइयों की गति को तब तक बनाए रखना आवश्यक है जब तक कि पूरे एनसीआर में वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार न हो जाए। उन्होंने यह भी साफ किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन आम जनता को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए। चिन्हित मुद्दों को सुधारात्मक कार्रवाई के माध्यम से हल किया जाएगा, जिसकी समीक्षा 15 दिनों में की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को बढ़ावा दें

दिल्ली-एनसीआर में भीड़भाड़ वाले चिन्हित 62 इलाकों में सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने और कॉरपोरेट एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा कर्मचारियों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन/सीएनजी बसों को बढ़ावा देने के निर्देश जारी किए गए। व्यस्त समय में भीड़ कम करने के लिए कार्यालयों, शॉपिंग मॉल और वाणिज्यिक परिसरों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित करने पर भी जोर दिया गया। अधिक यातायात वाले मार्गों पर संपूर्ण सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए विशेष उपाय किए गए, साथ ही क्षेत्र में संचालित अवैध और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के सख्त निर्देश दिए गए। गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा को एकीकृत स्मार्ट यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, जबकि यातायात पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि प्रवर्तन जांच स्वयं ही भीड़भाड़ का कारण न बने।

### 10 दिनों में जाम करने वाले अतिक्रमण हटाएं

केंद्रीय मंत्री ने एनसीआर शहरों में मेट्रो की अंतिम-मील कनेक्टिविटी में सुधार के लिए डीएमआरसी और राज्य अधिकारियों के साथ समन्वित योजना पर जोर दिया। यातायात जाम का कारण बनने वाले अतिक्रमणों को 10 दिनों के भीतर हटाने, गड्ढों से मुक्त सड़कों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध सुनिश्चित करने और मानसून से सड़कों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए उचित जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए। प्रदूषण से संबंधित जन शिकायतों का समन्वित निवारण सीएक्यूएम की देखरेख में सुनिश्चित किया जाना था। इसके साथ ही हितधारकों की भागीदारी के लिए लक्षित सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों का आयोजन किया जाना था।

### पराली जलाने को हतोत्साहित करें

हरियाणा को निष्क्रिय फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों को बदलने, बिजली संयंत्रों, ईंट भट्टों और श्मशान घाटों में जलावन के रूप में धान के भूसे का उपयोग सुनिश्चित करने और केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता से पट्टीकरण संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया था। राजस्व उत्पन्न करने और पराली जलाने को हतोत्साहित करने के लिए संपीड़ित जैव गैस ( सीबीजी) और इथेनॉल संयंत्रों सहित विकेंद्रीकृत और स्थानीय समाधानों पर विचार किया जाना था।

### पुराने कचरे का निपटान करें

यहां अवैध रूप से टायर जलाने वाली इकाइयों और बिना अनुमति के प्रदूषण फैलाने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को सील करने के विशेष निर्देश जारी किए गए। प्रदूषण फैलाने वाली सभी इकाइयों (विशेष रूप से हरियाणा स्थित इकाइयों) में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली स्थापित करना सुनिश्चित करने और इसके अनुपालन के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा को लागू करने का निर्देश दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि फरीदाबाद और गुरुग्राम द्वारा सोसायटी-वार ठोस अपशिष्ट संग्रह और बंधवारी के पुराने कचरे का संयुक्त निपटान एक साझा सुविधा में सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन सचिव, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और दिल्ली, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा, इस बैठक में डीएमआरसी के निदेशक और एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली पुलिस, एनएचएआई और डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों सहित नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के नगर आयुक्त और जिलाधीक्षक मौजूद थे। इसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

महिला वकील के कथित उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## संबंधित अवधि के सीसीटीवी फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए, कोई भी 'छेड़छाड़' न हो



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवीसे जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। इस पर अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा।

### एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के ए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए।

### 14 घंटे की अवैध हिरासत और उत्पीड़न का आरोप

महिला वकील ने आरोप लगाया कि जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। इस दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और मानसिक दबाव डाला गया।

### सीसीटीवी बंद करने का भी आरोप लगाया

याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया और पीड़िता को धमकियां दी गईं। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे 'बेहद गंभीर और शर्मनाक' मामला बताया। यदि नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है।

### मुंबई मरीना के लिए 887 करोड़ मंजूर



**नई दिल्ली।** केंद्र ने मुंबई हार्बर में 887 करोड़ की लागत से एक विश्व स्तरीय मरीना विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। इससे मुंबई में तटीय नौवहन, समुद्री पर्यटन और वॉटरफ्रंट के नेतृत्व वाले शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करेगा और इसके साथ ही 2,000 से ज़्यादा नौकरियां पैदा होंगी।

## उपराष्ट्रपति ने 'वाइस-प्रेसिडेंट एन्क्लेव' में मनाया क्रिसमस, विशिष्ट मेहमान भोजन पर आमंत्रित किए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने क्रिसमस से पूर्व आज वाइस-प्रेसिडेंट एन्क्लेव में आयोजित क्रिसमस कार्यक्रम की मेज़बानी की। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं और नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। उसके बाद उपराष्ट्रपति ने विशिष्ट मेहमानों के साथ दोपहर के लजीज भोजन का भी आनंद लिया। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस प्रेम, आशा और करुणा का शाश्वत संदेश देता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि क्रिसमस की भावना केवल त्योहार तक सीमित न रहे, बल्कि इसे दैनिक जीवन में भी अपनाया जाए।

### ईसाई समुदाय का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान

उपराष्ट्रपति ने ईसाई समुदाय के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आदिवासी क्षेत्रों के विकास और वंचित वर्गों के उत्थान में ईसाई समाज की भूमिका अहम रही है। उन्होंने ईसाई समुदाय से राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान को आगे भी जारी रखने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी बल दिया और जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मिशन पर्यावरण के लिए जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और सुरेश गोपी, कार्डिनल्स, आर्चबिशप्स, बिशप्स, पादरी, पास्टर्स, रेवरेन्ड फादर्स और सिस्टर्स सहित देशभर के विभिन्न चर्च प्रशासन के वरिष्ठ प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

## उर्वरकों की स्थिर कीमतें, उपलब्धता तय कर रही है सरकार: ठाकुर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य साल 2018 से स्थिर बना हुआ है। इसी तरह, डीएपी की कीमतें भी पिछले तीन वर्षों से स्थिर हैं। इन कीमतों को स्थिर बनाए रखने के लिए, भारत सरकार यूरिया और फॉस्फेटिक व पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों, दोनों पर सब्सिडी का बोझ खुद उठा रही है। यह जानकारी शुक्रवार को राज्यसभा में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा एक लिखित उत्तर में दी गई।

यूरिया पर होने वाला वास्तविक खर्च प्राकृतिक गैस की कीमतों, उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले अन्य कच्चे माल की लागत और यूरिया के अंतरराष्ट्रीय आयात मूल्यों में होने वाले उतार-चढ़ाव के अनुसार बदलता रहता है। वहीं, पीएंडके योजना के तहत, अधिसूचित उर्वरकों पर वार्षिक या अर्ध-वार्षिक आधार पर सब्सिडी की एक निश्चित राशि तय की जाती है।

उन्होंने जानकारी दी कि पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर अन्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के माध्यम से और पूर्वोत्तर राज्यों में मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट फॉर नॉर्थ ईस्टर्न रीजन (एमओवीसीडीएनईआर) के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीकेवीवाई के तहत, जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 3 वर्षों में 31,500 रूपये प्रति हेक्टेयर की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें से 15,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की राशि किसानों को जैविक खाद सहित ऑन-फार्म और ऑफ-फार्म जैविक इनपुट के लिए 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' (डीबीटी) के माध्यम से दी जाती है।

वहीं, एमओवीसीडीएनईआर के तहत, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और जैविक इनपुट के लिए 3 वर्षों में 46,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की सहायता दी जाती है। इसमें से 32,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की राशि ऑफ-फार्म/ऑन-फार्म जैविक इनपुट के लिए निर्धारित है, जिसमें 15,000 रुपए की राशि किसानों को डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है।

रामनाथ ठाकुर ने बताया कि सरकार मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के माध्यम से उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा दे रही है। यह योजना 2014-15 से लागू की गई है, जिसका उद्देश्य सभी सभी खेतों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी) प्रदान करना है, ताकि उत्पादकता और मिट्टी की उर्वरता में सुधार के लिए संतुलित और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा सके। किसानों के खेतों की मिट्टी का समय-समय पर परीक्षण किया जाता है ताकि कम से कम 3 साल में एक बार मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जा सके।

2014-15 से अब तक देश भर में 25.61 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार और वितरित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत शुरुआत से अब तक 1970 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। साथ ही, देश भर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर 93,781 किसान प्रशिक्षण, 6.80 लाख प्रदर्शन और 7,425 किसान मेलों या अभियानों का आयोजन किया गया है।

# एशेज : हेड ने इंग्लैंड को फिर दिया 'हेडेक', शतक ठोककर ऑस्ट्रेलिया को दिलाई जबरदस्त बढ़त


एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है।

हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

### हेड का कैच टपकाना इंग्लैंड को पड़ा महंगा

तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।



### नौवें विकेट के लिए स्टोक्स और आर्चर की रिकॉर्ड साझेदारी

बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाए जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया।

### ग्रीन नही कर सके दूसरी पारी में प्रभावित

लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 17 रन था। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 102 रन जोड़ते हुए मार्नस लाबुशेन (13) का विकेट गंवाया जबकि चाय के विश्राम के बाद उस्मान ख्वाजा (40) ने तीसरे विकेट के लिए हेड के साथ 86 रन की साझेदारी के साथ मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत बनाए रखी।पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे ग्रीन दूसरी पारी में प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए।

## खबर संक्षेप



### शुभंकर ने खेला दो ओवर कार्ड, 71वें स्थान पर पहुंचे

**पोर्ट लुईस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### वीनिंक छोड़ेंगे न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ का पद



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। ढाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राज्य निकायों का समर्थन प्राप्त है। वीनिंक ने कहा, 'गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है।' उन्होंने कहा, 'इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।'

### खुद को चुनौती देना जरूरीः चक्रवर्ती



**अहमदाबाद।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है।

## तिलक और पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को चार विकेट

# भारत ने लगातार 8वीं टी-20 सीरीज जीती अफ्रीका को 5वें मैच में 30 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। टीम ने शुक्रवार को खेले गए 5वें मैच में अफ्रीका को 30 रन से हराया। टीम इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद में 232 रन का टारगेट चेज रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। क्विंटन डी कॉक ने 35 बॉल पर 65 रन बनाए। इससे पहले भारतीय टीम ने तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या के अर्धशतकों के सहारे 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन का स्कोर बनाया। तिलक ने 42 बॉल पर 73 रन बनाए, जबकि पंड्या ने 25 बॉल पर 63 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 34 रन बनाए। पंड्या ने 16 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। यह भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। टीम इंडिया की ओर से सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड युवराज सिंह (12 बॉल) के नाम है। भारतीय टीम ने 115 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने चौथे विकेट के लिए 44 बॉल पर 104 रन की साझेदारी की। मैच आखिरी टी-20 के साथ साउथ अफ्रीका का 35 दिन का भारतीय दौरा समाप्त हो गया। इसकी शुरुआत 2 टेस्ट की सीरीज के साथ हुआ। इसमें साउथ अफ्रीका ने 2-0 से क्लीन स्वीप किया। फिर भारत ने वनडे सीरीज में 2-1 से और 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-1 की जीत हासिल की। इस सीरीज का एक मैच कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया।



### डिकॉक का 18वां अर्धशतक

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी हुई थी। रीजा हैंड्रिक्स और क्विंटन डिकॉक के बीच पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने हैंड्रिक्स को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वह 13 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, क्विंटन डिकॉक ने अपने करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा और 65 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्हें बुमराह ने अपना शिकार बनाया।

### अफ्रीका के खिलाफ भारत की 21वीं जीत

भारत ने विश्व चैंपियन बनने के बाद से सात टी20 सीरीज और एशिया कप अपने नाम किया। भारत 2023 से टी20 में अजेय है। दिलचस्प बात यह है कि भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह 35 मैचों में 21वीं जीत है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरा बल्लेबाजी क्रम

*तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेवाल्ड ब्रेविस 17 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। डेविड मिलर 18, जॉर्ज लिंडे 16, मार्को यानसेन 14 रन बनाकर आउट हुए जबकि कॉर्बिन बॉश और लुंगी एनगिडी क्रमशः 17 और सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने चार विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।*

### संजू-अभिषेक ने दिलाई धमाकेदार शुरुआत

*इससे पहले, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई, जिसे कॉर्बिन बॉश ने तोड़ा। उन्होंने अभिषेक को डिकॉक के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए।*

## सीआईडीसीओ ओपन

# अहलावत ने जीता खिताब खेला 4 अंडर 67 का कार्ड



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

वीर अहलावत ने सीआईडीसीओ ओपन गोल्फ के अंतिम दिन चार अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। गुरुग्राम के इस खिलाड़ी ने इससे पहले शुरूआती तीन दौर में 65-65-73 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अहलावत का कुल स्कोर 14 अंडर 270 रहा।

तीन शॉट की इस जीत से अहलावत मौजूदा सत्र की पीजीटीआई रैंकिंग में 18वें से 11वें पायदान पर पहुंच गए। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रहे पुणे के रोहन धोले पाटिल (70-69-64-70) 11 अंडर 273 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पीजीटीआई स्पर्धा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुरुग्राम के मनु गंडास (68-68-70-68) और इटली के मिशेल ओर्टोलानी 67-66-72-69) 10-अंडर 274 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान तीसरी बार 'होल इन वन (एक शॉट में ही गेंद को होल में पहुंचाना) लगाने वाले चंडीगढ़ के रवि कुमार 71 का कार्ड खेल कुल चार अंडर 280 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी : अय्यर बने मप्र टीम के कप्तान

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वेंकटेश अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी लीग स्टेज के लिए अपनी सीनियर पुरुष टीम का कप्तान बनाया है। यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक अहमदाबाद में होगा। मध्यप्रदेश के लिए कप्तानी की यह भूमिका अय्यर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी यश दुबे और कुमार कार्तिकेय भी शामिल हैं। इसके अलावा शुभम शर्मा और हरप्रीत सिंह भी 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि माधव तिवारी का चयन उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

## अंडर-19 एशिया कप

# नौवीं बार फाइनल में पहुंचा भारत अब पाकिस्तान से खिताबी टक्कर




- श्रीलंका को 8 विकेट से रौंदकर भारत ने फाइनल में रखा कदम
- दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में भारत ने विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट से जीत दर्ज की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें भारत का सामना अब पाकिस्तान से होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

एसीसी अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया का जीत का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण 50-50 ओवर के सेमीफाइनल को 20-20 ओवर का टी20 मैच बनाया गया। श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए केवल 138 रन ही बना सकी। इसके बाद विहान (61) और जॉर्ज (58) की शानदार बैटिंग के दम पर भारत ने आठ विकेट से आसानी से जीत हासिल की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन बांग्लादेश को हराने वाली पाकिस्तान टीम से होगा।

### पटेल व चौहान ने झटके दो-दो विकेट

दुबई में बारिश के कारण वनडे मैच को 20-20 ओवर्स का किया गया। अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरुआत सही नहीं रही और 28 रन पर तीन विकेट गिर चुके थे। इसके बाद कप्तान विमथ दींसारा ने 29 गेंद में चार चौके की मदद से 32 रन बनाए। नंबर पांच पर आए चमिका हीनातिगाला ने 38 गेंद में तीन चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेली। वहीं नंबर आठ पर आए सेठमिका सेनेविरत्ने ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए, जिससे श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन बनाए और भारत के लिए हेनिल पटेल व कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके।

## चावला का 36 साल में जलवा झटके चार विकेट झटके नाइट राइडर्स को जिताया

**अबूधाबी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला (27 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर अबूधाबी नाइट राइडर्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मैच में गल्फ जायंट्स को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। टीम सात मैचों में तीसरी जीत के बाद छह अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। रहमानुल्लाह गुरबाज की 45 गेंद में 72 रन की पारी से गल्फ जायंट्स ने सात विकेट पर 165 रन बनाए लेकिन नाइट राइडर्स ने 19.2 गेंद में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (39 गेंद में 46 रन) और फिल सॉल्ट (24 गेंद में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 44 गेंद में 61 रन की साझेदारी के साथ टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड (22 गेंद में 30 रन) और आंद्रे रसेल (13 गेंद में नाबाद 21 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिला दी। जायंट्स की ओर से तबरेज शम्सी ने तीन जबकि फ्रेड क्लासेन ने दो विकेट लिए। गुरबाज ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के जड़े लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

## मोरक्को ने जॉर्डन को हराया, जीता अरब कप का खिताब



**दोहा।** अब्दररज्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी।

## न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्टः न्यूजीलैंड ने की पहली पारी 575/8 रन पर घोषित

# कॉनवे का दोहरा शतक, कीवी टीम को बढ़त, विंडीज की सधी शुरुआत

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आईऔर टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 जबकि जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। किंग ने 63 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। श्रृंखला का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे टेस्ट को मेजबान टीम ने नौ विकेट से जीता था।




### कॉन्वे ने की साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी

इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था। टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे।

### रोच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं की गेंदबाजी

केमार रोच मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके जबकि शाई होप किसी अज्ञात बीमारी के कारण दूसरे दिन के खेल के दौरान होटल में ही रहे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 334 रन से आगे से की। इस समय कॉन्वे 178 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर चौका जड़ा और फिर 316 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि एक छोर से लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे। रात्रि प्रहरी जैकब डफी (17) और केन विलियमसन (31) लंच से पहले आउट हुए जबकि डेरिल मिचेल (11) और टॉम ब्लंडेल (चार) का विकेट दूसरे सत्र में गिरा। ग्लेन फिलिप्स (29) दिन के आखिरी सत्र में पवेलियन लौटे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Government of Assam
HONOURING ASSAM'S
PATHFINDER
If Sardar (Vallabhbhai) Patel and Gopinath Bardoloi had not taken a strong stand at the time of Partition, then Assam's identity would not have been what it is today
Shri Narendra Modi
Prime Minister
Unveiling the Statue of
Bharat Ratna
Lokapriya
Gopinath Bardoloi
at LGBI Airport, Borjhar, Guwahati
Chief Guest
Shri Narendra Modi
Prime Minister
In august presence of
Shri Lakshman Prasad Acharya
Governor, Assam
Dr Himanta Biswa Sarma
Chief Minister, Assam
20 December 2025
2 PM
DIPR/D/HBI/681/20-Dec-25
Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam
Connect with us @diprassam
dipr.assam.gov.in